इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 276 राजनांदगांव, सोमवार 24 अगस्त 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## अमेरिका-कनाडा ट्रेड डील फेल होने पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप, कहा- 'कनाडा बिना राज्य बने उसके फायदे उठाना चाहता है'

अमेरिका और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता (ट्रेड डील) इस हफ्ते अचानक विफल हो गया। इस डील के टूटने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पड़ोसी देश कनाडा पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने कहा कि ओटावा (कनाडा) अमेरिका का हिस्सा बने बिना एक राज्य होने के सभी लाभ उठाना चाहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कनाडा पिछले कई वर्षों से अमेरिकी नागरिकों और किसानों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### ट्रंप का तीखा हमला और 'ट्रूथ सोशल' पर पोस्ट

80 वर्षीय रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, कनाडा बिना एक राज्य बने उसके सारे फायदे उठाना चाहता है। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने हमारे महान किसानों पर कई सालों तक भारी-भरकम टैरिफ थोपे हैं। अब और नहीं।

बता दें कि इस ट्रेड डील के फेल होने के बाद वाशिंगटन ने लगभग 20 अरब डॉलर के कनाडाई उत्पादों पर 50 प्रतिशत भारी टैरिफ लगा दिया है।

### कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की प्रतिक्रिया

अमेरिका के इस कदम पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने तुरंत कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डील टूटने के लिए अमेरिकियों द्वारा किए गए 'अंतिम समय के बदलावों' को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरफ से जो नई शर्तें रखी गईं, वे पूरी तरह से 'अनुचित और अव्यवहारिक' थीं, जिससे किसी भी समझौते की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। कार्नी ने शनिवार को कहा था, 'हाल के दिनों में अमेरिका ने ऐसी शर्तें पेश कीं जो अव्यवहारिक और अनुचित थीं, और कनाडा के लिए मिलने वाले फायदों को कमजोर करती थीं। हम उनके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही उनकी मांगें मानेंगे।

कनाडा की ओर से ऑटोमोबाइल, स्टील और एल्युमिनियम के क्षेत्र में ट्रंप प्रशासन से राहत की मांग की जा रही थी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमियन ग्रीर के अनुसार, वाशिंगटन इन क्षेत्रों में टैरिफ घटाने पर सहमत हो गया था, जिससे कनाडा को किसी भी व्यापारिक साझीदार की तुलना में सबसे अधिक प्राथमिकता मिलती। हालांकि, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का कहना है कि समझौता इसलिए विफल हुआ क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने कनाडा के अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। इसके अलावा, अमेरिकी वार्ताकारों द्वारा फ्रेंच भाषा और पूर्वी कनाडाई प्रांत 'क्यूबेक संस्कृति' को लेकर दी गई अस्वीकार्य धमकियों ने भी विवाद को और बढ़ा दिया। इस बढ़ते ट्रेड वॉर को लेकर अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों और मिनेसोटा, न्यूयॉर्क तथा वाशिंगटन जैसे सीमावर्ती राज्यों के गवर्नरों ने तीखी नाराजगी जताई है और ट्रंप की नीतियों को अमेरिका में महंगाई बढ़ाने वाला बताया है। दोनों देशों के बीच अब यूएसएमसीए समझौते के संशोधनों को लेकर भी गतिरोध बना हुआ है, जबकि ट्रंप के बयानों ने कनाडाई नागरिकों को और नाराज कर दिया है।

## बीजेपी ने जेन-जी से जुड़ने के लिए टीम बनाई : नितिन नवीन, स्मृति-तावड़े शामिल

नई दिल्ली। बीजेपी ने जेन-जी यानी युवा वोटर्स से जुड़ने के लिए खास टीम बनाई है। इसमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े के साथ गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी शामिल हैं। वहीं, दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नितिन नवीन की अध्यक्षता में 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। भाजपा ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल दो पैरा गाने के फैसले की निंदा की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी, बूथ और जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी, बूथ और जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।



**कांग्रेस के पूरा वंदे मातरम न गाने के खिलाफ प्रस्ताव पास**

### वंदे मातरम के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी बीजेपी

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई नई टीम की बैठक में आगामी चुनावों, संगठन को मजबूत करने और पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। नवीन ने कहा कि बीजेपी वंदे मातरम का इतिहास और महत्व देशभर में पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी। खासतौर पर युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी पूरे वंदे मातरम और उससे जुड़े इतिहास को समझ सके। इससे पहले 19 अगस्त को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने 1937 के अपने फैसले पर कायम रहने का फैसला किया था। इसके तहत कांग्रेस के कार्यक्रमों में वंदे मातरम के पहले दो पैरा ही गाए जाएंगे। बीजेपी कांग्रेस के इस फैसले का विरोध कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ की 5 लाख घरों पर लगेंगे सोलर पैनल, लखपति दीदियां बनीं सोलर वेंडर, सीएम साय का बड़ा ऐलान

रायपुर (दावा)। प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मार्च 2027 तक पांच लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन के दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम के समापन समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 95 हजार घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं।



**सरकार का मार्च 2027 तक पांच लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की ऊर्जा है और राज्य अपनी सौर क्षमता का उपयोग कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में करीब 30 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में करीब 3.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं, जिनसे भविष्य में लगभग 30 हजार मेगावाट अतिरिक्त उत्पादन क्षमता विकसित होने की संभावना है। साथ ही राज्य ने 4,000 मेगावाट ग्रीन एनर्जी उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

साय ने कहा कि सौर ऊर्जा केवल बिजली का स्त्रोत नहीं, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार का माध्यम भी बन रही है। महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य सोलर वेंडर के रूप में घरों में संयंत्र स्थापित कर रही हैं। प्रदेश के 2.82 लाख स्व-सहायता समूहों से 30 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं, जिनमें 13 लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं।

### कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा का विस्तार - 2.50 लाख पंप ऊर्जीकृत

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कृषि और सिंचाई में भी सौर ऊर्जा का विस्तार जरूरी है। प्रदेश में करीब 2.50 लाख सिंचाई पंप सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सोलर उद्योगों के स्टॉलों का अवलोकन कर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संस्थाओं, बैंकों एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया।

## पड़ोसियों से सिर्फ अपने हित की उम्मीद नहीं कर सकते : हसीना प्रत्यर्पण विवाद के बीच बांग्लादेश संबंधों पर बोले जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बांग्लादेश और भारत के बीच रिश्तों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध तभी सुचारु रूप से चल सकते हैं, जब वे 'आपसी हित' की कसौटी पर खरे उतरें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी देश से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह हमेशा सिर्फ वही करें जो उसके पड़ोसी देश के हित में हो। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित भारत यात्रा को लेकर अटकलें तेज हैं।



जयशंकर ने यह बयान शनिवार को इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में दिया, जब उनसे पदच्युत प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर बांग्लादेश की बार-बार की जा रही मांग के बारे में सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, मैं आपको यह बता सकता हूं कि किसी भी रिश्ते के काम करने के लिए, उसे आपसी हित की कसौटी पर खरा उतरना होगा। इसे हमारे लिए भी काम करना होगा। उन्होंने आगे कहा, मैं यह उम्मीद नहीं करता कि पड़ोसी देश केवल वही करें जो मेरे हित में है। मुझे भी एक उचित हद तक यह पहचानना और सम्मान करना होगा कि उनके हित में क्या है, ठीक वैसे ही जैसे मैं उनसे भी यही अपेक्षा रखता हूं। उन्होंने कहा, जब आप इस साझा जमीन, इस साझा आधार तक पहुंचते हैं, तभी रिश्ते सुचारु रूप से काम करते हैं। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि भारत और बांग्लादेश हसीना के सत्ता से हटने के बाद बुरी तरह प्रभावित हुए अपने रिश्तों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान, ढाका द्वारा बार-बार हसीना के प्रत्यर्पण की मांग दोहराए जाने के बाद दोनों देशों के संबंधों को गहरा झटका लगा था। अगस्त 2024 में एक छात्र आंदोलन के बाद हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। तभी से बांग्लादेश छोड़कर वे भारत में रह रही हैं, जिसके चलते नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है।

हालांकि तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सत्ता में आने के बाद तनावपूर्ण रिश्ते धीरे-धीरे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मंत्री केदार कश्यप के काफिले से टकराई स्कॉर्पियो, चार पुलिस जवान घायल; बाल-बाल बचे मंत्री

रायपुर। जगदलपुर-कोंडागांव सीमा के पास आज रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जूनवानी के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मंत्री केदार कश्यप की कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई और मंत्री के फॉलो वाहन से भी जा भिड़ी। हादसा इतना जबरदस्त था कि फॉलो वाहन को काफी नुकसान पहुंचा।



घटना के समय मंत्री का काफिला फरसागुड़ा से कोंडागांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने अचानक मंत्री की कार को टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन की रफ्तार और नियंत्रण बिगड़ने से वह पीछे चल रहे फॉलो वाहन से टकरा गया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

फॉलो वाहन में तैनात चार पुलिस जवान हादसे में घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल कोंडागांव जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सभी घायल जवानों को उपचार दिया जा रहा है।

घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्कॉर्पियो चालक से पूछताछ सहित हादसे की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि टक्कर किस वजह से हुई और क्या वाहन की रफ्तार हादसे का कारण बनी। फिलहाल घायल पुलिस जवानों का अस्पताल में उपचार जारी है और मंत्री सुरक्षित हैं। हादसे में दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

## महिलाओं को पिता, पति और पुत्र के अधीन रखना शर्मनाक : राहुल गांधी ने मनुस्मृति पर उठाये सवाल...

पुणे। पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने महिलाओं की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर बात करते हुए मनुस्मृति का हवाला दिया. उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं का स्वतंत्र होकर अपने लिए खड़ा होना और खुद पर विश्वास करना है.



राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को पुणे के एआईएसएसएमएस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया गया. इसमें महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को मां, पत्नी या बेटी की भूमिका तक सीमित नहीं देखा जाना चाहिए. उन्होंने मनुस्मृति का हवाला देते हुए कहा कि उसमें लिखा है कि बचपन में महिला पिता के अधीन, युवावस्था में पति के अधीन और पति की मृत्यु के बाद बेटों के अधीन रहती है. राहुल गांधी ने कहा कि मनुस्मृति के अनुसार महिला को कभी स्वतंत्र नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत यह है कि महिलाएं स्वतंत्र हों, अपने लिए खड़ी हों और खुद पर विश्वास करें. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अभिजीत दिपके पर एफआईआर : आनंद दुबे ने कहा, बिना अनुमति घुसोगे तो कानून अपना काम करेगा

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने बिना अनुमति सरकारी स्कूल में प्रवेश करने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दिपके के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर कहा कि अगर इजाजत लिए बिना जबरदस्ती करोगे तो जाहिर है कि कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए संबंधित प्रशासन को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए और किसी भी संस्थान में बिना सूचना के प्रवेश करने से बचना चाहिए।



### प्रशासन को जानकारी देनी चाहिए

मुंबई में आनंद दुबे ने कहा कि स्कूल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन, कलक्टर, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय जरूरी है। अगर कोई व्यक्ति स्कूल का दौरा करना चाहता है तो पहले प्रशासन को इसकी जानकारी देनी चाहिए और अधिकारियों से सहयोग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना बताए अचानक किसी सरकारी संस्थान में पहुंचने पर पुलिस और कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### पाकिस्तान पर लगाया आरोप

उन्होंने इस मामले में राजनीति नहीं करने की बात भी कही और कहा कि अगर किसी को स्कूल व्यवस्था की स्थिति देखनी है तो संबंधित प्रशासन को जानकारी देकर नियमानुसार दौरा करना चाहिए। देश में महिलाओं की भूमिका का जिक्र करते हुए दुबे ने कहा कि माताओं और बहनों को जागरूक करने की जरूरत है। महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं और देश की प्रगति में उनकी भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। पहलगाम केस में हाफिज सईद को कोर्ट का समन भेजे जाने की तैयारी से जुड़े सवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कंगना रनौत के बयान पर बाबा रामदेव का पलटवार, बोले- ओछे लोगों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, पूरा देश जानता है मेरा योगदान

नई दिल्ली। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के जेन-जी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर शुरू हुआ सियासी और सार्वजनिक विवाद अब एक बार फिर चर्चा में है। योग गुरु बाबा रामदेव ने कंगना के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं इस विवाद को बढ़ावा नहीं देना चाहता। स्वामी रामदेव क्या हैं और मेरा योगदान क्या है, यह पूरा देश जानता है। इसलिए मैं ओछे लोगों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। इससे पहले कंगना ने जेन-जी को 'गटर जनरेशन' कहा था, जिस पर रामदेव ने उन्हें लताड़ा था। इससे पहले कंगना ने जेन-जी को 'गटर जनरेशन' कहा था, जिस पर रामदेव ने उन्हें लताड़ा था। बाबा रामदेव ने कुछ दिनों पहले सरकारी नौकरी के इंटरव्यू में गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाया था। इस पर उनकी आंदोलन वाली चेतावनी पर कंगना ने तंज कसा था, जिसके बाद से ही दोनों के बीच जुबानी जंग चल रही है। यह बहस तब और बढ़ गई जब रनौत ने सोशल मीडिया पर बाबा रामदेव को जवाब देते हुए उनके निजी जीवन और चरित्र पर की गई टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। उन्होंने रामदेव पर अपनी युवावस्था और निजी जीवन पर टिप्पणी करके सीमा पार करने का आरोप लगाया। स्वामी रामदेव आज हरिद्वार में संत समागम में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर संवाद कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता कंगना की ओर से उन पर दिए गए बयानों पर पलटवार किया। बाबा रामदेव ने पहले कंगना के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि युवाओं को इस तरह संबोधित करना गलत है।



उन्होंने कहा कि आज का युवा देश की बड़ी ताकत है और उसकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू होने से देश में शिक्षा और विकास के क्षेत्र में बदलाव आने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से शिक्षक बच्चों को ज्यादा समय दे सकेंगे और सरकारें विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगी।

जेन-जी को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब सोशल मीडिया से आगे बढ़कर सार्वजनिक बहस का विषय बन चुका है। हालांकि, रामदेव की ताजा टिप्पणी से संकेत मिलता है कि वह इस मुद्दे को आगे राजनीतिक या व्यक्तिगत विवाद में बदलने के पक्ष में नहीं हैं। इसके अलावा बाबा रामदेव ने वंदे मातरम के बारे में भी बात की और भारत माता को अपनी आस्था और भक्ति का केंद्र बताया। उन्होंने कहा, हम भारत माता को दुर्गा, लक्ष्मी के रूप में देखते हैं; वह हमारी आस्था, हमारा ज्ञान, हमारा मंदिर और हमारी रक्षा करने वाली एवं हमें शक्ति प्रदान करने वाली हैं। उन्होंने कहा, वह हमारे लिए सर्वोच्च हैं और हमारी भक्ति और आकांक्षा का परम लक्ष्य हैं। जो लोग 'वंदे मातरम' में देवी-देवताओं, मठों या मंदिरों के संदर्भ देखते हैं, वे मेरी राय में हमारी संस्कृति से कटे हुए प्रतीत होते हैं। उन्हें संस्कृत का थोड़ा और अध्ययन करना चाहिए और इसके अर्थ को बेहतर ढंग से समझना चाहिए।

## अब सस्ती होगी चीनी, सरकार ने उठाया बढ़ा कदम, यहां से आ रही शक्कर की खेप

नई दिल्ली। देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच ब्राजील से आने वाली खेप राहत दे सकती है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ के प्रमुख प्रकाश नाइकनवारे ने आज कहा कि चीनी की कुछ खेप 15 अक्टूबर से पहले भारत पहुंच सकती हैं, लेकिन इस समय यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कितनी मात्रा में चीनी आएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल ब्राजील ही चीनी आयात का व्यावहारिक स्रोत है। नाईकनावारे ने कहा कि देश में हर महीने करीब 22 लाख टन चीनी की खपत होती है। नवंबर तक भी 15 से 20 लाख टन चीनी उपलब्ध रह सकती है।



देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच ब्राजील से आने वाली खेप राहत दे सकती है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) के प्रमुख प्रकाश नाइकनवारे ने आज कहा कि चीनी की कुछ खेप 15 अक्टूबर से पहले भारत पहुंच सकती हैं, लेकिन इस समय यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कितनी मात्रा में चीनी आएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल ब्राजील ही चीनी आयात का व्यावहारिक स्रोत है।

नाईकनावारे ने कहा कि देश में हर महीने करीब 22 लाख टन चीनी की खपत होती है। नवंबर तक भी 15 से 20 लाख टन चीनी उपलब्ध रह सकती है। इसी दौरान शुरुआती पेराई से नई चीनी भी बाजार में आने लगेगी। उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए चीनी की कमी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि मिल स्तर पर कीमतें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को छोड़कर 65-67 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थीं, जो शनिवार को हुई निविदाओं में 5 रुपए प्रति किलोग्राम घट गईं। उनका अनुमान है कि राज्यों में निगरानी बढ़ने के साथ अगले सप्ताह भी कीमतों में नरमी जारी रहेगी।

सरकार ने 20 अगस्त को घरेलू बाजार में बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए 10 लाख टन तक कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। ब्राजील से भारतीय बंदरगाहों तक चीनी पहुंचने में आमतौर पर 40-45 दिन लगते हैं। इसके बाद बंदरगाह से चीनी मिल तक माल पहुंचने में भी समय लगता है।

महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और आंध्र प्रदेश जैसे बंदरगाह वाले राज्यों को आयातित कच्ची चीनी उत्तरी राज्यों की तुलना में जल्दी मिलने की संभावना है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए 13 मई को 30 सितंबर तक चीनी के निर्यात पर रोक लगा दी थी।

विपक्षी दल पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण बढ़ाने की नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उनका आरोप है कि इस नीति के कारण चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं और आम लोगों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है। सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कीमतें बढ़ाने के लिए चीनी उद्योग को जिम्मेदार ठहराया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पहला कॉलम...

## आज युगांतर कप फुटबॉल ट्रॉफी में खिताबी भिड़त

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में युगांतर और डीपीएस के मध्य खिताबी भिड़ंत आज 24 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। विद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह और खेल शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि युगांतर की टीम ने अजीज कप जीतकर काफी उत्साहित है। युगांतर कप टूर्नामेंट में भी टीम अपना शानदार प्रदर्शन कर रही है। आज फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक होगा। टूर्नामेंट में डीपीएस की टीम का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा है। संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक(अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने दोनों टीम के शानदार प्रदर्शन करने की कामना की है।

## श्री कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज द्वारा आज मनेगा भव्य श्री बागेश्वर महोत्सव

**अग्रसेन भवन में होगा विशेष पूजन, अभिषेक व हवन, शाम को रानी सागर में होगा मूर्ति विसर्जन**

राजनांदगांव (दावा)। श्री कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज द्वारा श्रावण सोमवार 24 अगस्त को इष्टदेव श्री बागेश्वर महादेव का वार्षिक महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष शरद गुप्ता, महासचिव गोविंद नारायण गुप्ता, राजीव गुप्ता एवं संदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि महोत्सव की शुरुआत अग्रसेन भवन में भव्य कलश यात्रा एवं महिला व बाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई।

### आज के प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान

प्रातःकाल से दोपहर तक अग्रसेन भवन में विधि-विधान से श्री बागेश्वर पूजन, महारुद्राभिषेक, हवन एवं महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन होगा। शाम को अग्रसेन भवन से भगवान बागेश्वर की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रानी सागर पहुंचेगी, जहां विधिपूर्वक मूर्ति विसर्जन संपन्न होगा। महोत्सव में शामिल होने के लिए राजनांदगांव जिले सहित दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर एवं महाराष्ट्र राज्य से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व श्रद्धालु संस्कारधानी पहुंचे हैं। समाज के पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इन धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता का आह्वान किया है।

## राजनांदगांव जिले में अब तक 4704.9 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 4704.9 मिमी बारिश एवं औसत 195.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 724.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 716 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी, घुमका तहसील में 444 मिमी, छुरिया तहसील में 616.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 772.9 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 590.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 195.7 मिमी एवं औसत 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 52.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 6 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 39.7 मिमी, घुमका तहसील में 37 मिमी, छुरिया तहसील में 13 मिमी, कुमरदा तहसील में 18 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 29.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 52.5 मिमी दर्ज की गई है।

## कु. इशिका अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय भारत माता चौक निवासी एवं अग्रवाल ज्वेलर्स के संचालक विवेक अग्रवाल (भोला) की सुपुत्री कु. इशिका अग्रवाल (25 वर्ष) का रविवार तड़के 2 बजे निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं परिचितों में शोक की लहर व्याप्त है। कु. इशिका अग्रवाल के निधन से अग्रवाल समाज में भी गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। समाजजनों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनकी अंतिम यात्रा रविवार दोपहर 12 बजे निज निवास भारत माता चौक, राजनांदगांव से प्रारंभ होकर लखोली मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारजनों, समाजजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।







# अंतिम सावन सोमवार : राजसी ठाठ-बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल, 3 भव्य झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार 24 अगस्त को संस्कारधानी में बाबा महाकाल की भव्य शाही पालकी यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे नगर की सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर के दरबार से प्रारंभ होने वाली इस पालकी यात्रा को लेकर शहर के शिवभक्तों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों में विशेष उत्साह है। इस अवसर पर बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर राजा स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे और अपनी प्रजा को सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना का आशीर्वाद प्रदान करेंगे। सावन मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे पावन अवसर पर बाबा महाकाल का राजसी स्वरूप में नगर भ्रमण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था एवं आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर होगा। भक्तों का विश्वास है कि राजा स्वरूप में बाबा महाकाल जब अपनी प्रजा से मिलने नगर भ्रमण पर निकलते हैं, तो वे भक्तों की मनोकामनाएं सुनते हैं और सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

### राजसी सम्मान के साथ होगा बाबा महाकाल का नगर भ्रमण

बाबा महाकाल जी की पालकी को पूरे राजसी सम्मान के साथ नगर भ्रमण कराया जाएगा। पालकी यात्रा में त्रिशूल, डमरू, नंदी, शंख, ढोल-मंजीरे सहित विभिन्न धार्मिक वाद्ययंत्रों की गूंज सुनाई देगी। शिवभक्तों द्वारा हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष के बीच बाबा की पालकी आगे बढ़ेगी।

### पालकी इन स्थानों में भ्रमण करेगी

अंतिम सोमवार में पालकी यात्रा का मार्ग शहर के मध्य भाग में केंद्रित होगा। मां शीतला के दरबार से प्रारंभ हो जमातपारा, फव्वारा चौक,

**सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर से दोपहर 2 बजे निकलेगी शाही पालकी यात्रा**



महाकाल चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, महेश पथ, बालाजी मंदिर गंज चौक, लोहार पारा होते हुए भरकापारा काली माई मंदिर में शिव का शक्ति से मिलन हो यात्रा विश्राम करेगी। पालकी यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा बाबा महाकाल की पालकी का दर्शन, पूजन एवं स्वागत किया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर भक्तजन बाबा की आरती कर पुष्पवर्षा करेंगे और प्रसाद आदि का वितरण भी किया जाएगा।

### तीन भव्य झांकियां व महाकाल ढोल रहेंगा आकर्षण का केंद्र

इस बार बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में तीन विशेष एवं भव्य झांकियां, गुजरात का महाकाल ढोल भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। झांकियों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं को जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। झांकियों के साथ पालकी यात्रा का भक्तिमय वातावरण और भी आकर्षक एवं मनोहारी नजर आएगा। महाकाल सेना के अनुसार झांकियों को इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित सभी श्रद्धालुओं को भगवान शिव की लीलाओं एवं सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिले।

### सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा होगा स्वागत

पालकी यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा भावी संस्थानों, व्यापारी संगठनों तथा मंदिर समितियों द्वारा यात्रा मार्ग पर बाबा महाकाल की पालकी का भव्य स्वागत किया जाएगा। अनेक स्थानों पर पूजा-अर्चना एवं आरती कर बाबा का अभिनंदन किया जाएगा। भक्तजन श्रद्धा के साथ आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इससे पालकी यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा। महाकाल भक्त पवन डागा, नीलू शर्मा, महाकाल सेना एवं अन्य धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा भावी संगठनों तथा मंदिर समितियों ने समस्त शिवभक्तों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से पालकी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होने की अपील की है। उन्होंने कहा शाही पालकी यात्रा संस्कारधानी के लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था, सामाजिक समरसता, धार्मिक एकता और सनातन संस्कृति का उत्सव है। सभी की सहभागिता से यह आयोजन और अधिक भव्य एवं यादगार बनेगा।

### भक्तों से परिवार सहित पहुंचने की अपील

आयोजक पवन डागा ने संस्कारधानी राजनांदगांव के समस्त धर्मप्रेमी से आग्रह किया है कि वे 24 अगस्त सोमवार को दोपहर 2 बजे सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर पहुंचें और बाबा महाकाल जी की शाही पालकी यात्रा में सहभागी बनें। पालकी का मार्ग में स्वागत एवं पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें तथा परिवार सहित इस ऐतिहासिक एवं पावन धार्मिक आयोजन के साक्षी बनें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का बड़ा आंदोलन : 25 को सभी जिलों में निकालेंगे टीईटी मुक्ति रैली

**मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन, सेवा सुरक्षा और वेतन विसंगति दूर करने की मांग**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सेवारत शिक्षकों के अधिकारों एवं सेवा हितों की रक्षा के लिए 'छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा' के बैनर तले 25 अगस्त को राज्यव्यापी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षक एकजुट होकर विशाल 'टीईटी मुक्ति रैली' निकालेंगे और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे और केदार जैन ने राज्य के समस्त संवर्ग के शिक्षकों से इस आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों के सुरक्षित भविष्य और उनके वाजिब अधिकारों की है। वहीं राजनांदगांव जिले में मोर्चा प्रतिनिधि विष्णु शर्मा, गोपी वर्मा एवं नीलेश रामटेके ने सभी शिक्षकों से रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### ज्ञापन के प्रमुख मुद्दे एवं मांगें

वर्षों से सेवारत शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता से पूर्ण मुक्ति देते हुए उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों की पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन और अन्य सेवा लाभ प्रदान किए जाएं। केंद्रीय वेतनमान के समान लाभ देते हुए शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति को तत्काल दूर किया जाए। 13 फरवरी 2026 के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संशोधन किए जाएं। शिक्षकों की निरंतर सेवा और पदोन्नति के लिए ब्रिज कोर्स के माध्यम से बीएड प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मोर्चा नेताओं का स्पष्ट कहना है कि दशकों से निष्ठापूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के भविष्य को केवल टीईटी के आधार पर असुरक्षित करना सर्वथा अनुचित है। जब तक शिक्षकों को टीईटी के पर्याप्त अवसर और सेवा सुरक्षा नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## श्रावण मास में ढीमर पारा में भव्य श्रीराम लीला का मंचन शुरु

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के उपलक्ष्य में शहर के श्री नागेश्वर महादेव मंदिर ढीमर पारा वार्ड नं. 39 में हिंदू सनातन महोत्सव के अंतर्गत श्री राम लीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। महंत बाबा प्रयागराज वाले बाबा द्वारा 23 अगस्त से मंचित किये जा रहे श्रीराम लीला मंचन में श्रीराम जन्म से लेकर श्री सीताराम विवाह व श्री जानकी हरण, लक्ष्मण मुर्छा व कुंभकर्ण मेघनाद व रावण वध का जीवंत दृश्यों का मंचन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि 23से 29 अगस्त तक चलने वाले इस श्री रामलीला मंचन कार्यक्रम रोजाना रात्रि में 8 बजे से लेकर 11 बजे तक चलेगा।

## भिलाई में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत

भिलाई। भिलाई के सेक्टर-6 क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय दुष्यंत सिन्हा की मौत हो गई। हादसा सतनाम भवन के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में दुष्यंत ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रामनगर निवासी दुष्यंत सिन्हा अपने दोस्त के साथ भिलाई में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होने गया था। कथा समाप्त होने के बाद देर रात दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई।

### न्यायालय तहसीलदार, घुमका

मामले की श्रेणीः- राजस्व संदर्भः जिला- राजनांदगांव, तहसील-घुमका
प.ह.नं.-00007 पटेवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध
प्रकरण क्रमांक- CT 202526421202700035

**ईश्तहार**

तहसील घुमका के प.ह.नं. 00007 के अंतर्गत ग्राम पटेवा के वर्तमान भूमि स्वामी खिलेश्वरी पिता/पति-स्व. पवन सिंह पता-सा. देह, रचना पिता/पति-अशोक सिंह पता-सा. देह, आशा पिता/पति-सेवक सिंह पता-, दुर्गाभुवाल पिता/पति-पवन सिंह पता-, भवानी सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, राधेश्याम सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, विष्णु सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता, अंजनी बाई पिता/पति-अशोक सिंह पता-सा. देह, द्रोपति बाई पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-सा. देह, राजकुमारी पिता/पति-अशोक सिंह पता-सा. देह, ज्योतिबाला सिंह पिता/पति-शंकरदयाल सिंह पता-, देवी सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-सा. देह, महेश सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-,रानीबाई पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, संतोष पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, कन्हैया सिंह पिता/पति-शंकरदयाल सिंह बैस पता-सा. देह, प्रगति सिंह पिता/पति-अशोक सिंह पता-सा. देह, सुरेन्द्र सिंह पिता/पति-सेवकराम पता-सा.देह, तोपसिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, बिरेन्द्र कुमार पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, राजकुमारी पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-सा. देह, रामायण सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-सा. देह, अजय सिंह पिता/पति-अशोक सिंह पता-सा. देह, दिलीप सिंह पिता/पति-शंकर दयाल सिंह बैस पता-सा. देह, विक्रम सिंह बैस पिता/पति-शंकर दयाल सिंह बैस पता-सा. देह, जवाहर सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता, पार्वती पिता/पति-सेवक सिंह पता-, मिलाप सिंह पिता/पति-पवन सिंह पता-सा. देह, रामकली पिता/पति-आयोध्या सिंह पता, सरोजबाला पिता/पति-सेवक सिंह पता-भूमि खसरा क्रमांक 698 (0.2590), 812 (3.1000), 897(1.2460), 894(0.3240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अंजनी बाई पिता/पति-अशोक सिंह पता-, खिलेश्वरी पिता/पति-स्व.पवन सिंह पता-, दुर्गाभुवाल पिता/पति-पवन सिंह पता-, प्रगति सिंह पिता/पति-अशोक सिंह पता-, महेश सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, राधेश्याम सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता, विक्रम सिंह बैस पिता/पति-शंकरदयाल सिंह बैस पता-, सरोजबाला पिता/पति-सेवक सिंह पता-, कन्हैया सिंह पिता/पति-शंकर दयाल सिंह बैस पता-, तोपसिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, दिलीप सिंह पिता/पति-शंकरदयाल सिंह बैस पता-, भवानी सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, राजकुमारी पिता/पति-अशोक सिंह पता-, रामायण सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, सुरेन्द्र सिंह पिता/पति-सेवकराम पता-, राजकुमारी पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, अजय सिंह पिता/पति-अशोक सिंह पता, ज्योतिबाला सिंह पिता/पति-शंकर दयाल सिंह पता-, द्रोपति बाई पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, पार्वती पिता/पति-सेवक सिंह पता-, मिलाप सिंह पिता/पति-पवन सिंह पता-, रानीबाई पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, विष्णु सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, आशा पिता/पति-सेवक सिंह पता-, जवाहर सिंह पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, देवी सिंह पिता/पति-कृष्णा सिंह पता-, बिरेन्द्र कुमार पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, रचना पिता/पति-अशोक सिंह पता-, रामकली पिता/पति-आयोध्या सिंह पता-, संतोष पिता/पति-कृष्णा सिंह पता- के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार घुमका पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2026 को जारी किया जाता है।

MUKESH KUMAR THAKUR
तहसीलदार, घुमका

### // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक छन्नूलाल सारथी पिता-चमरूराम सारथी जाति-घसिया निवासी ग्राम अं. चौकी, मकान नं.38, वार्ड नं.13, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर मुन्ना तनसु Munna Tansu अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर में तनसु सारथी TANSU SARTHI अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड मुन्ना तनसु Munna Tansu अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर तनसु सारथी TANSU SARTHI अंकित कराना चाहता हूं।

इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः- अं. चौकी, दिनांकः-21/08/2026

आवेदिका
छन्नूलाल सारथी
निवासी ग्राम अं. चौकी
तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

## रक्तदान से जीवन में प्रेम, विश्वास और आपसी बंधुत्व की भावना जागृत होती है - पुष्पा दीदी



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन 23 अगस्त रविवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने कहा कि रक्तदान महज किसी जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानवता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का भी कार्य करता है। उन्होंने कहा, 'रक्तदान से हम केवल जीवन ही नहीं बचाते, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास और बंधुत्व की भावना भी जागृत करते हैं।' उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री के प्रभारी अधीक्षक चंद्रशेखर इंदौरिया ने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष आयु का है, रक्तदान कर सकता है। विशिष्ट अतिथि दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एच.एस. भाटिया ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित इस रक्तदान अभियान को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. रिंकू सिंह ने सभी को रक्त दान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने किया। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा मानव जीवन की रक्षा में रक्तदाताओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। आयोजन का उद्देश्य दादी प्रकाशमणि की स्मृति को मानव सेवा और विश्व बंधुत्व की भावना से जोड़ना है। शिविर में लगभग 100 लोगो ने रक्तदान किया।

## अवैध शराब तस्करी पर डोंगरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बाइक सवार 2 आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब परिवहन कर रहे दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार असामाजिक तत्वों व शराब कोचियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

22 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर साइकिल पर अवैध रूप से शराब लोड कर मुरमुंदा से कुरूभाठ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी तारा सिंह जांगड़े (21 वर्ष) निवासी कुरूभाठ वार्ड क्रमांक 16, डोंगरगढ़ एवं सुखचंद जोशी (20 वर्ष) निवासी मुरमुंदा को ग्राम कुरूभाठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी कर संदिग्ध मोटर साइकिल को रोका।

जब्त शराब में 10 पौवा शोले प्लेन मदिरा (1.800 बल्क लीटर, कीमत 800) एवं 20 पौवा सुपर 36 मसाला देशी मदिरा (3.600 बल्क लीटर, कीमत 2,000) सहित कुल 30 पौवा (5.400 बल्क लीटर, कीमत 2,800) व मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 बीएच 3166 (कीमत 25,000) सहित कुल जब्ती 27,800 जप्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब, सट्टा व नशीले पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### कार्यालय नगर पंचायत गण्डई, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

Email - npgandai@gmail.com

नामांतरण प्रकरण क्रमांक - 891 | -: ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :- | गण्डई, दिनांक 21/08/2026

एतद् द्वारा स्वामित्व में हित रखने वाले हितग्राही को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत स्वामित्व के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नगर पंचायत गण्डई के अभिलेख में हस्तांतरिती का नाम दर्ज किया जाना है। स्वामित्व संबंधी यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरणकर्ता का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री भागचंद थद्वानी पिता श्री साधुमल थद्वानी वार्ड क्रमांक 10, गण्डई | तबरेज खान पिता उस्मान खान, वार्ड क्रं. 11 गण्डई | रूपये 500.00 स्टाम्प पेपर पर विक्रय-इकरारनामा नोटरी द्वारा सत्यापित | वार्ड क्रमांक 10 गण्डई में स्थित 1517 वर्गफीट भूमि पर निर्मित कच्चा मकान |
| 2. | रफीक सोलंकी पिता ताजुद्दीन सोलंकी वार्ड क्रमांक 07, गण्डई | श्रीमती शालिनी देवांगन पति श्री मुकेश कुमार वार्ड क्रमांक 12, गण्डई | रूपये 100.00 स्टाम्प पेपर पर बिक्रीनामा नोटरी द्वारा सत्यापित | वार्ड क्रमांक 11, गण्डई में ए मार्केट दुकान क्रमांक 03 |
| 3. | करीम अब्दुल रसीद खान पिता अब्दुल रसीद खान वार्ड क्रमांक 09, गण्डई | श्री गौरव बजाज पिता श्री विजय बजाज निवासी शंकर नगर नवागढ़, तहसील जिला-बेमेतरा | रूपये 100.00 स्टाम्प पेपर पर बिक्रीनामा नोटरी द्वारा सत्यापित | वार्ड क्रमांक 08 गण्डई वी.मार्केट लकड़ी का ठेला (गुमटी) 10 x 8 फीट |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, गण्डई

### // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका सुमन बाई पिता-बहुर सिंह पति-सनकू राम कुंजाम जाति-गोंड कास्तकार ग्राम-सिर्राभाटा, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं.चौकी पिन नं. 491665 का कास्तकार हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से ग्राम सिर्राभाटा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. बांधाबाजार तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में मेरे नाम के स्थान पर सुकारोबाई अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर सुमन बाई Suman Bai अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में सुकारोबाई अंकित है। उसे सुधार करवाकर सुमन बाई Suman Bai अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-21/08/2026

आवेदिका
सुमन बाई
कास्तकार ग्राम - सिर्राभाटा
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

# आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार, शिव पूजा-भक्ति की बहेगी बयार

## शिवालयों में सुबह से भक्तों का रहेगा तांता, ऊं नमः शिवाय महामंत्र की रहेगी गूंज

**राजनांदगांव (दावा)।** श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को आज महिने का चौथा और आखिरी सोमवार है। आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण भगवान शिव के प्रति भक्तों की असीम भक्ति भावना और श्रद्धा का उल्लास देखते ही बनेगा। सावन सोमवार को सुबह से लेकर देर शाम रात तक भगवान भोलेनाथ पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजे जाएंगे। मंदिर शिवालयो में भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र व शिव स्त्रोत व शिव चालीसा पाठ की धूम रहेगी। महा मृत्युंजय मंत्र सहित ऊं नमः शिवाय का महामंत्र चहुंओर गुंजायमान होगा। भक्त जन श्रद्धा भक्ति से भर कर भगवान शिव की प्रतिमा व लिंग-पिंड पर बेल पत्र धतुरा फल कनेर पुष्प अक्षत दूब नारियल आदि चढ़ाकर अपने मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करेंगे। पुजारियों के वेद मंत्रों के बीच भगवान शिव में जलाभिषेक दुग्धाभिषेक व रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस बीच शंख ध्वनि डमरू निनाद के साथ हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ व जय-जय शिव-शंकर का उच्चार गुंजायमान होगा। शहर में आज श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी वहीं संस्कार धानी के शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा भक्ति के लिए श्रद्धालुओं का तांता रहेगा। शिवनाथ तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर से लेकर शहर के द्वादश शिव लिंग, बर्फानी आश्रम, राम दरबार मंदिर, श्री बागेश्वर धाम, श्री मिथिला धाम मंदिर,रेवाडीह स्थित पाताल फोड़ प्रकटे शिव लिंग मंदिर, भाड़ा





गांव स्थित धरती फोड़ उपजे स्वयं भू शिव लिंगेश्वर मंदिर सहित अन्यान्य शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की धूम बनी रहेगी।

### श्रावण मास की आज चौथी कांवड़ यात्रा

श्रावण मास के आज अंतिम सोमवार को शहर के जीई रोड स्थित श्री बागेश्वर मंदिर से बोल बम के उच्चार सहित बोल बम कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर समिति के पंकज गुप्ता ने बताया कि शिक्षा , संस्कार व जागरण विषय को लेकर निकाली जा रही बोल बम कांवड़ यात्रा सुबह साढ़े 5 बजे श्री बागेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ होगी और साढ़े 6 बजे शिवनाथ नदी तट पहुंच कर नदी से पवित्र जल भर कर वहां से बोल बम के उच्चार के साथ कांवड़ यात्रा शुरू होगी। उन्होंने सभी शिव भक्तों व कांवड़ियों को सोमवार की सुबह साढ़े 5 बजे श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचने की अपील की है। श्रावण मास का आज अंतिम सोमवार पूरी तरह शिव भक्ति के लिए समर्पित रहेगा। कथावाचक प्रदीप मिश्रा का यह आप्त वाक्य 'एक लोटा जल, हर समस्या का हल, लोगों के सिर चढ़कर बोलेगा। भगवान भोलेनाथ में एक लोटा जल चढ़ाने के लिए भक्तों की कतार रहेगी। खासकर महिलाएं व क्वांरी कन्याएं आरती की थाल सजाकर शिव पूजन के लिए पहुंचेगी। पीतल या स्टील की बाल्टी में जल लाकर भगवान शिव में लोटे में भर-भर उलेंचेंगी। दूध दही श्री खंड शर्करा आदि के लेपन कर भगवान शिव में बेल पत्र धतुरा फल कनेर पुष्प अक्षत दूब चढ़ाकर मनोयोग से पूजा की जाएगी। महिलाएं व सौभाग्यवती स्त्रियां भगवान शिव शंकर से अपने घर-परिवार की खुशहाली व अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करेंगी वहीं क्वांरी कन्याएं भगवान भोले नाथ से अपने लिए योग्य वर की कामना करेंगी। पुरुष जन भी भगवान भोलेनाथ में जलार्पण व पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की प्रार्थना करेंगे। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को स्वयं भू लिंगेश्वर भाठागांव में आज श्रद्धा भक्ति की बयार बहेगी। आज सुबह से ही भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ, शिव महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान रामायण मंडलियों द्वारा श्री रामचरित मानस का पाठ व भक्त जनों द्वारा शिव स्त्रोतम् शिव चालीसा व महामृत्युंजय मंत्र का जाप गुंजायमान बना रहेगा। भाठागांव स्थित स्वयं भू लिंगेश्वर मंदिर के उक्त चमत्कारी शिव लिंग हेतु शहर के शिव भक्त अरुण गुप्ता द्वारा स्टील कठघरा लगवाया गया है ताकि नाग देवता द्वारा शिव लिंग के आसपास ही विचरण कर सके। इस दौरान मंदिर के पुजारी विजेद्र दास जी व अन्य शिव भक्तों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में दूर-दूर से पधारे शिव भक्तों के लिए भोग-भंडारी महाप्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई।

### वात्सल्य कुटुंब द्वारा भगवान हरिहर पूजा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर के बसंतपुर स्थित भवानी नगर में समाज सेवी महिलाओं का संगठन वात्सल्य कुटुंब द्वारा भगवान श्री हरि व हर यानि महादेव पूजन का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में पंडित मोहन शास्त्री द्वारा भगवान भोलेनाथ व श्री हरि विष्णु की विधि विधान से पूजा की जाएगी। वात्सल्य कुटुंब की अध्यक्ष श्रीमती विद्या पांडे ने सभी धर्म प्रेमी बहनो के श्री हरि हर पूजा आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

# सड़क पर कांटे, रास्ता बाधित

## लखोली वार्ड में आवागमन को लेकर बढ़ा तनाव



**राजनांदगांव(दावा)।** नगर निगम क्षेत्र के लखोली वार्ड क्रमांक 36 स्थित बियारह खाले गली नंबर 1 में सीसी रोड पर बड़ी संख्या में बबूल के कांटे रखे जाने से मोहल्लेवासियों के सामने आवागमन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। सड़क पर कांटे फैले होने के कारण राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। वहीं रास्ते को लेकर मोहल्ले में तनाव और विवाद की स्थिति भी निर्मित होने लगी है।

मोहल्लेवासियों के अनुसार गली की सीसी सड़क आम आवागमन का मार्ग है। इसके बावजूद एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर बड़ी संख्या में बबूल के कांटे रख दिए गए हैं। कांटों के कारण लोगों को सड़क से निकलने में परेशानी हो रही है और कई बार उन्हें रास्ता बदलकर आवागमन करना पड़ रहा है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति अधिक परेशानी वाली बनी हुई है। मोहल्लेवासियों ने सड़क पर कांटे रखे जाने की जानकारी संबंधित पार्षद को भी दी है। इसके बावजूद अब तक कांटों को हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। रहवासियों का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते पर इस तरह अवरोध खड़ा करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। यदि समय रहते कांटे नहीं हटाए गए तो किसी व्यक्ति के घायल होने अथवा आपसी विवाद बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक आवागमन के रास्ते को बाधित करना गंभीर मामला है। सड़क पर नुकीले कांटे रखे जाने से पैदल चलने वालों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी खतरा बना हुआ है। रात के समय कम रोशनी में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। लोगों को आशंका है कि अंधेरे में कोई राहगीर कांटों की चपेट में आकर घायल हो सकता है। मोहल्लेवासियों ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सड़क से कांटे हटवाने तथा सार्वजनिक मार्ग को सुचारू कराने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होने से संभावित दुर्घटना और विवाद दोनों को टाला जा सकता है। लोगों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करने और भविष्य में इस तरह सार्वजनिक रास्ते पर अवरोध खड़ा नहीं होने देने की मांग की है।

### सब्जियां हुई महंगी,

**राजनांदगांव(दावा)।** लगातार हो रही बारिश का असर अब सब्जियों के दामों पर भी दिखाई देने लगा है। बाजार में टमाटर, आलू, प्याज सहित हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है।

## पहला कॉलम...

### आरकेसी में यातायात व साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

#### एसपी अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को सिखाए गए सड़क सुरक्षा और डिजिटल सतर्कता के गुर







**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय आर.के.सी. विद्यालय प्रांगण में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए यातायात, व्यक्तिगत सुरक्षा और साइबर सुरक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क नियमों के पालन और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करना था।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता सहायक उपनिरीक्षक कुंजलाल साहू एवं प्रधान आरक्षक छप्पन खम्मन सिन्हा ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स दिए। एएसआई कुंजलाल साहू ने छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार में सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक सिग्नलों के पालन तथा नाबालिग उम्र में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। डिजिटल फ्रॉड से बचाव के लिए मजबूत पासवर्ड बनाने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने और अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचने के तरीके समझाए गए। प्रधान आरक्षक सिन्हा ने आपातकालीन स्थिति में डायल-112 और अन्य पुलिस सहायता नंबरों के त्वरित उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन एवं एसपी अंकिता शर्मा की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर शाला अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल सहित प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश व रिमझिम झड़ी से शहर हुआ तर-बतर

## दो दिनों की बारिश से बढ़ने लगे नदी-नाले व जलाशयों के जलस्तर, यलो अलर्ट के बीच सप्ताह भर तक रहेगा ऐसा ही माहौल



**राजनांदगांव (दावा)।** अगस्त माह के अंतिम दौर में मानसून के चौथे चरण के चलते दो-तीन दिनों से बारिश का दौर बना हुआ है। शुक्रवार को जहां रात भर बारिश हुई वहीं शनिवार को दिनभर रिमझिम बारिश की झड़ी लगी रही। रविवार की रात और सुबह में थोड़ी बारिश हुई। इससे वातावरण में ठंडकता बढ़ गई है। वहीं पूरा शहर बारिश से तर-बतर हो गया है। मौसम विभाग ने मानसून की सक्रियता को देखते हुए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। उनके अनुसार अभी लगभग सप्ताह भर तक ऐसा ही माहौल बना रहेगा। शुक्रवार की रात से शुरू हो कर शनिवार दिनरात व रविवार की सुबह हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। वहीं शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं। शहर की सड़कों में उभर आए बड़े-बड़े गड्ढों में जल जमाव हो गया है जिससे लोगों की अवागमन में परेशानी हो रही है। इधर लगातार बारिश से नदी-नालो का जल स्तर बढ़ने लगा है। वहीं जिले के कई जलाशयों में भी पानी भरने से वे लबालब नजर आने लगे हैं।

### कई दिनों बाद किसानों को बारिश से मिली राहत

बता दें कि अगस्त माह के अंतिम दौर में हो रही लगातार बारिश और रिमझिम झड़ी से किसानों को खासा राहत मिली है। खेतों में निकल आए धान के पौधों को इस बारिश ने संजीवनी का काम किया है। इस बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से फसलों को फायदा होने की उम्मीद है। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी भी लगातार बारिश से खुश नजर आ रहे हैं। इधर मौसम विभाग द्वारा भी लगातार बारिश होने व मकानों में नमी आने के चलते बारिश से बचने सुरक्षित इमारतें/भवनों में जाने की सलाह दी है तथा कहा है कि कमजोर संरचनाओ से बचें व खिड़कियों से दूर रहें। इसी तरह किसानों से खेती-किसानी के सभी कार्यों व बाहरी गतिविधियों को निलंबित रखने के सलाह दिए हैं। बिजली के खंभों व और बिजली के लाइनों से दूर रहने व उड़ने वाले चिनगारियों पर नजर रखने की बात कही है। इसी तरह बरसते पानी के समय पेड़ के नीचे शरण नहीं लेने व जल निकायों के पास नहीं जाने की सलाह दी है। इससे पता चलता है कि मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बना रहे सिस्टम व अगस्त मास में मानसून के चौथे चरण में जोरदार बारिश होने का संकेत दे दिया है।

### बारिश से जलाशय हुए लबालब

बता दें कि पिछले दिनों जिले में मानसून की सक्रियता से अच्छी बारिश दर्ज की गई थी। इससे मोंगरा बांध से लेकर खातूटोला बैराज, घुमरिया, आदि जलाशय में भरपूर पानी होने से अतिरिक्त पानी छोड़ने पड़े थे। वर्तमान में लगातार हो रही बारिश से फिर इन जलाशयों में पानी भरने लगा है। इधर शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ भी लबालब नजर आने लगा है। इससे चलते नदी के किनारे व आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी जा रही है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को एलर्ट रहने के निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि लगातार बारिश व नदी नालों का बढ़ते जल स्तर को देखते हुए लोगों को नदी-नाले व पुल-पुलियों के उपर से पानी बहने की स्थिति में जोखिम नहीं उठाने की अपील की गई है। वहीं शिवनाथ नदी के आसपास रहने वाले वाले लोग किसी संकट में न आए इसलिए इन पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में भव्य लिटरेरी फेस्ट का आयोजन : सजी साहित्य और कला की महफिल




**राजनांदगांव (दावा)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में विद्यार्थियों की साहित्यिक, कलात्मक, सांगीतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य 'लिटरेरी फेस्ट' का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक व सांस्कृतिक महाकुंभ में शहर एवं आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु शिक्षा, कला, संगीत और मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जिसमें डॉ. अनिंदिता घोष सहायक प्राध्यापक आईआईटी भिलाई, विकल प्रवीण राव निदेशक (सीएसईईटी), प्राचार्य (शीला थीसेन मेमोरियल हाई स्कूल) एवं सेवानिवृत्त सहायक संचालक (शिक्षा विभाग), दीपांकर खोपरगड़े वरिष्ठ पत्रकार, डॉ. सुसान राज बिहेवियर स्पेशलिस्ट व मार्क सुसान राज संगीतकार एवं साउंड इंजीनियर आदि है। दिल्ली पब्लिक स्कूल में लिटरेरी फेस्ट का आयोजन में सजी साहित्य और कला की महफिल फेस्ट में दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, नीरज विद्या मंदिर, नीरज पब्लिक स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल, जेएलएम गायत्री विद्या पीठ, बचपन प्ले स्कूल तथा डीपीएस सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया।

आयोजन के दौरान वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, गायन, भाषण एवं अन्य साहित्यिक विधाओं के जरिए प्रतिभागियों को अपनी अभिव्यक्ति और सृजन क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच मिला। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक विकास, आत्मविश्वास और भाषाई कौशल का संवर्धन होता है।

# मन बहानों का पुलिंदा है, अच्छे कार्यों की अनुमोदना में कंजूसी न करें : समयप्रभ जी

## नेम भवन में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान तपस्वियों का किया गया बहुमान



राजनांदगांव (दावा)। परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के सुशिष्य मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने नेम भवन में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तपस्वियों और अच्छे कार्य करने वालों की अनुमोदना करने में कभी भी कंजूसी नहीं करनी चाहिए। किसी भी नेक कार्य के लिए खुले दिल से सराहना करें और ऐसे लोगों का यथोचित बहुमान करें।

मुनि श्री ने मन की चंचलता और आलस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हम अक्सर तपस्वियों व श्रेष्ठ कार्य करने वालों की अनुमोदना और बहुमान करने से बचने के लिए तरह-तरह के बहाने ढूंढते हैं। वास्तव में हम नहीं, बल्कि हमारा मन यह बहाना बनाता है। हमारा मन बहानों का पुलिंदा है। तरकश में तीरों की कमी हो सकती है, लेकिन मन के बहाने कभी खत्म नहीं होते।' उन्होंने आगे कहा कि जिन शासन में तपस्या और सत्कर्मों के लिए खुले दिल से सामूहिक अनुमोदना करने की समृद्ध परंपरा है। हमें जो लब्धि और अवसर प्राप्त हुए हैं। उनका सदुपयोग करते हुए सदैव पुण्यात्माओं का सम्मान करना चाहिए। प्रवचन के दौरान नेम भवन में विधि-विधान से तपस्वियों का बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्री जैन पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी, ट्रस्टी भावेश बैद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा, जीवनचंद बैद एवं चातुर्मास समिति के संयोजक पीयूष बैद सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# संतान सुख और कष्ट निवारण के लिए फलदायी है पुत्रदा एकादशी : पुजारी संघ

## श्रीराम जानकी बालाबाबा मंदिर में मनेगा झूलन उत्सव, व्यंजली महाद्वादशी को बन रहा विशेष संयोग



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के तत्वावधान में सावन शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी (पवित्रा एकादशी) 24 अगस्त को स्थानीय श्री राम जानकी बालाबाबा मंदिर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर भगवान विष्णु की विशेष आराधना के साथ राधा-कृष्ण की 'झूलन यात्रा' का आयोजन होगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी एवं पदाधिकारियों ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव के साथ-साथ श्रीहरि विष्णु की आराधना का विशेष महत्व है। पद्म पुराण के अनुसार प्राचीन काल में राजा महीजीत ने लोमश ऋषि के परामर्श पर यह व्रत रखकर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति की थी। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से उपवास और पूजन करने से निसंतान दंपतियों को योग्य एवं आज्ञाकारी संतान का सुख मिलता है तथा संतान पर आने वाले सभी संकट दूर होते हैं। दशमी तिथि से ही सात्विक भोजन ग्रहण करें। एकादशी के दिन पूर्ण उपवास रखें अथवा फलाहार करें। इस दिन चावल और अनाज का सेवन पूरी तरह वर्जित है। श्री हरि को पीले वस्त्र, पीले फल-फूल, पंचामृत और तुलसी पत्र अर्पित करना शुभ माना गया है। 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का निरंतर जाप और 'विष्णु सहस्त्रनाम' का पाठ अत्यंत कल्याणकारी है। रात्रि में यथासंभव जागरण कर भजन-कीर्तन करें तथा अगले दिन सूर्योदय के पश्चात द्वादशी तिथि में व्रत का पारण करें। कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा, दुर्गा प्रसाद तिवारी, अभिषेक चौबे एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि इस वर्ष व्यंजुली महाद्वादशी का अद्भुत संयोग बन रहा है। जिसके चलते सोमवार को पुत्रदा एकादशी का व्रत रखना शास्त्रसम्मत एवं फलदायी रहेगा।

# जन्माष्टमी पर यादव समाज का दो दिवसीय भव्य उत्सव : 3 को बाइक रैली, 4 को निकलेगी शोभायात्रा



**राजनांदगांव (दावा)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर यादव समाज द्वारा संस्कारधानी में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज के संरक्षक महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में 3 सितंबर को विशाल बाइक रैली तथा 4 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं स्वजातीय जन बड़ी संख्या में जुटेंगे। 3 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से बाइक रैली शुरू होगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्टेट स्कूल पहुंचकर संपन्न होगी। 4 सितंबर को दोपहर 1 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा चौक पहुंचेगी। जहां इसका समापन होगा। रिभय यादव के नेतृत्व में युवा टीम द्वारा बाइक रैली के संचालन के साथ-साथ शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक की आकर्षक सजावट की जाएगी। आयोजन की तैयारियों में सतीश यादव, करण, मयंक, अपूर्व, अभिषेक, विनीत, कमल, आर्या, सूरज, विरेंद्र, सावन, लोकेश, आयुष, प्रवीण, गोपी, धर्मे, अभ्यास व चेतन यादव सहित युवा जुटे हुए हैं। नगर निगम पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव एवं मनोनीत पार्षद श्रीमती मंजू यादव के मार्गदर्शन में समाज की महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूर्व पार्षद शैल यादव, मालती, शोभा, प्रिया, मीना, कुंती, मधु व निशा यादव सक्रिय सहयोग दे रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र यादव, उपेंद्र, गरीबाराम, हरीश, दुर्गेश, सुदेश, महेश, राधेलाल, भोला, विनोद यादव (बंटी), रितेश, सूरज, मन्ना, राजेश, अमन, हरीश (गुरुजी), दुर्गा यादव, पार्षद शेखर यादव, मनोहर, इन्द्रसेन, शीलू, राकेश व प्रेमशंकर यादव सहित समाजजन सक्रिय रूप से जुटे हैं। उक्त जानकारी पूनाराम यादव ने दी।

# सावन के रंग में रंगा रामकृष्ण नगर : महिलाओं ने उत्साह से मनाया सावन महोत्सव



**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय रामकृष्ण नगर स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर के आसपास की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव का गरिमामय एवं भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह के साथ किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और लोक संस्कृति से सजे इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर उत्सव की रंगत में चार चांद लगा दिए। आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सावन गीतों और मनोरंजक खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सावन की विशेष थीम पर आधारित पारंपरिक परिधानों और उत्सवी माहौल ने भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत की। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हुए आपसी सौहार्द, मेल-जोल और सामाजिक सहभागिता का सुंदर संदेश दिया। पूरा वातावरण दिनभर उमंग और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। इस सावन महोत्सव में मुख्य रूप से अधिवक्ता श्रीमती शंभवी शर्मा आईच, श्रीमती शालिनी दुबे, श्रीमती माधुरी द्विवेदी, श्रीमती सुशील मिश्रा, श्रीमती रश्मि अग्निहोत्री, श्रीमती प्रीति अग्निहोत्री, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती कल्पना पायक, श्रीमती प्रीति राजपूत, श्रीमती सुजाता कुर्रे एवं कु. त्रिशा द्विवेदी सहित क्षेत्र की अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## अनमोल दावा

**अगर आप उस इंसान की तलाश कर रहे हैं जो आपकी जिंदगी बदलेगा, तो आईने में देख लें।**

## सम्पादकीय

### पेट्रोल में एथेनाल का मिश्रण ईधन में आत्मनिर्भरता होगी? फिर शक्कर का क्या?

आजकल सम्पूर्ण भारत में पेट्रोल में एथेनाल का मिश्रण करने का मुद्दा बहुत चर्चा में है। अनेक वाहन चालकों की शिकायत थी कि पेट्रोल में एथेनाल का 20 फिसदी मिश्रण करने से वाहनों के इंजन को लम्बे समय बाद नुकसान होगा। यद्यपि, इस शिकायत में कितना सत्य है और कितना तथ्य है, यह एक अलग मुद्दा है। किन्तु, पेट्रोल जब से महंगा हुआ है, तभी से विदेशों में क्रूड तेल की आयात करना सरकार को महंगा लगा था। तभी से सरकार तथा उपभोक्ता वाहन चालकों को महंगे पेट्रोल का विकल्प ढूंढना शुरू कर दिया था। सरकार ने इसके लिए पेट्रोल में एथेनाल मिक्स करने का उपाय ढूंढ निकाला था। एथेनाल के मिश्रण के कारण देश को निःसंदेह एक ओर फायदा हो रहा है। महंगे हो चुके क्रूड तेल की आयात में खर्च होने वाली विदेशी पूंजी इससे बच रही है। क्रूड तेल की आयात पर अवलम्बन घट गया है। एक ओर यह भी सोच थी कि किसानों को गन्ने के अच्छे भाव मिलेंगे। इससे पर्यावरण में सुधार होगा। इस प्रकार एथेनाल के मिश्रण से सरकार ने एक कण अनेक पक्षी मारने की रणनीति अपनायी है। जिस प्रकार, देश में हरियाली क्रांति ने खाद्यान्न के उत्पादन में देश को आजादी दिलायी थी। उसी प्रकार, एथेनाल के कारण ईधन में भारत की आत्मनिर्भरता होगी, ऐसी संभावना है। भारत हर साल क्रूड तेल की आयात के लिए 7 लाख करोड़ का खर्च करता है। यह देश का पैसा विदेशों में जाता है। इसके कारण हमारी इकानामी पर और विदेशी पूंजी की आरक्षण पर बोझ पड़ता है। सरकार ने आयात खर्च घटाने और विदेशी पूंजी की बचत करने के लिए पेट्रोल में एथेनाल का उपयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। जिसका सीधा फायदा यह है कि हमारे देश में गन्ने के उत्पादन की वृद्धि करके उसके रस में से अपना ईधन बनाइये। सरकार ने एथेनाल मिश्रित पेट्रोल पर की एक्साइज ड्यूटी रद्द की है। जिसके कारण, एथेनाल वाला पेट्रोल लोगों को वाजिब दाम में मिल रहा है। सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनाल मिश्रण करने का निर्णय किया। जिस पर वर्तमान में भी अमल हो रहा है। इस प्रकार, ई-20 याने 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग के कारण देश में साल में क्रूड तेल की आयात खर्च में 30,000 करोड़ की बचत होना संभव हुआ है। गन्ने के छिलके (कुड़ा) और रस में से तथा खराब अनाज में से एथेनाल बनाया जा रहा है। जिसका पेट्रोल में 20 प्रतिशत मिश्रण करने से वाहनों का इंजन बिगड़ता है, ऐसी शिकायत वाहन चालकों की है। इसमें कितना सत्य है? यह तो वाहन निर्माता के इंजीनियर्स ही बतायेंगे। विदेशों में पिछले अनेक वर्षों से पेट्रोल में एथेनाल मिक्स करके वाहनों को चलाया जा रहा है। देश में जब भी अच्छी टेक्नालाजी आती है, तब लोग इसका विरोध करने लगते हैं।

गन्ने से शक्कर का भी निर्माण होता है। गन्ने से एथेनाल बनने से शक्कर का उत्पादन कम हुआ है। शक्कर की कीमतें आसमान छूं रही है। सरकार ने इसके भाव को नियंत्रित करने के लिए शक्कर बड़े पैमाने पर आयात कर रही है। ऐसा 9 सालों बाद हो रहा है। जिसका अर्थ यह भी कि भारत अब शक्कर के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है। त्यौहारी सीजन में शक्कर की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। प्रश्न यह कि क्या यह सब एथेनाल के कारण हो रहा है? इसका विश्लेषण करना भी समय का तकाजा है।

# तिहारू भी जान गया है, क्या है सुराज

**रायपुर (दैनिक दावा)।** सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ शासन की एक संवेदनशील पहल है, जिसका उद्देश्य गाँवों और शहरों के द्वार पर पहुंचकर आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना और शासन-प्रशासन के प्रति जनविश्वास को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गत माह आयोजित इस अभियान के तहत जनता से सीधे संवाद और विकास कार्यों को गति दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ शासन पोर्टल पर जा सकते हैं। बस्तर का आयतु हो या सरगुजा जिले का तिहारू, धमतरी जिले के आदिवासी बहुल नगरी अंचल के ईतवारी राम कमार अपनी बात बेबाकी से प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के समक्ष खड़े होकर कह सकता है कि साहब हमारे यहां पीडीएस यानी सरकारी उचित मूल्य की दुकान का अनाज एवं अन्य खाद्यान सामग्री किफायती दर पर और सही समय पर मिल रहा है अथवा नहीं? सुशासन जो कि गुड गवर्नेस कहने पर आसानी से लोगों के जहन में बसता है इसका वास्तविक अर्थ है ऐसा शासन जो लोक-केंद्रित हो, पारदर्शी हो और जिसमें जनता की आवाज सर्वोपरि हो।



सुशासन तिहार - जनविश्वास, जनकल्याण और विकास की नई पहचान

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रशासन की सहजता से पहुंच

पिछले दिनों सफलता पूर्वक सम्पन्न सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने औचक ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। सुशासन का वास्तविक अर्थ केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि शासन को इस प्रकार संवेदनशील, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है कि उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहजता से पहुंचे। सुशासन तिहार इसी सोच का जीवंत उदाहरण है। इसी मंशा से प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों के लोगों ने भी गाँव की चौपाल में अपने मुखिया के समक्ष विभिन्न सार्वजनिक जरूरतों के बारे में प्रमुखता से अपनी बात रखी। चाहे वह हेण्डपम्प की हो या तालाब में घाट का निर्माण, सामुदायिक भवन, आंगनबाडी भवन, पहुंचमार्ग का निर्माण अथवा विद्युत लाईन का विस्तार, मध्यान्ह भोजन की बात हो या स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में अपनी बातें रखीं।

### मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान

सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह और शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर स्तर पर शिविर का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की छोटी-छोटी सार्वजनिक जरूरतों को मौके पर ही तुरन्त अपनी मंजूरी प्रदान की। गांव वालों के बीच हेलीकॉप्टर का अचानक उतरना लोगों के लिए कौतूहल का विषय होता है, उनके बीच प्रदेश के मुखिया उनके दुःख-दर्द का हालचाल जानने आए हैं, वह भी बैशाख-जेठ महिने की तपती दोपहरी में। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीण भी सहज होकर आत्मीयता से अपनी बात रखते। मुख्यमंत्री भी उनकी सार्वजनिक जरूरतों की मांग को मौके पर ही पूरा कर देते। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों की विभिन्न समस्याओं का यथा संभव तुरन्त समाधान करने इस वर्ष पूरे प्रदेश में 01 मई से 10 जून 2026 तक सुशासन तिहार संचालित किया गया।

### ग्रामीणों से चौपाल में समस्याओं तथा जरूरतों की भी ली जानकारी

छत्तीसगढ़ में सरकार और जनता के बीच परस्पर संवाद के एक प्रभावी माध्यम के रूप में सुशासन तिहार संचालित हुआ जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। इस वर्ष भी प्रदेश के सभी 33 जिलों के 146 विकासखण्डों में शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अभियान दलों का गठन कर उन्हें गांवों में भेजा गया। राज्य में कुल 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत गांव की संख्या 19 हजार 820 के आसपास हैं। अभियान के तहत् विभिन्न विभागों के हजारों अधिकारी और कर्मचारी अलग-अलग जत्थों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में रात रूक कर ग्रामीणों से चौपाल में उनकी समस्याओं तथा जरूरतों की जानकारी भी ली।

शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में भाग लिया। मुख्यमंत्री और सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों तथा प्रभारी सचिवों ने इस दौरान विभिन्न जिलों के गांवों का आकस्मिक दौरा कर सुशासन तिहार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करते हुए शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन भी किया। अभियान के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्त्योदय अन्न योजना, अनाज भण्डारण और वितरण की स्थिति, भौगोलिक दृष्टि से पहुंचविहीन क्षेत्रों में मानसून के पहले आवश्यक वस्तुओं के समुचित भण्डारण, बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए अमृत नमक वितरण की भी समीक्षा की गई।

### श्रमिकों के मजदूरी भुगतान, राजस्व - प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा

महात्मा गांधी नरेगा तथा अन्य रोजगार मूलक कार्यों की प्रगति और उनमें लगे श्रमिकों के मजदूरी भुगतान, राजस्व - प्रकरणों के निराकरण के अंतर्गत आविवादित नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के मामलों की स्थिति, पेयजल व्यवस्था और पेयजल स्त्रोंतो की साफ-सफाई सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान, निर्मल ग्राम योजना, विद्युत व्यवस्था, ट्रांसफार्मरों और विद्युत लाईनों के समुचित रख-रखाव, कृषि पम्पों के विद्युतिकरण और एकल बत्ती कनेक्शन से संबंधित शासकीय प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं पेंशन, निराश्रित पेंशन और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## लघु कथा: सहेज

सहेज कर रखना हिन्दुस्तान के मानवीय गुणों में से एक है। रिश्तों को सहेजना, यादों को सहेजना और घर-आँगन में बसी छोटी-छोटी चीजों को भी संभालकर रखना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है।

शिखा कुछ दिनों के लिए मायके गई थी। इस बीच शिखर अकेला ही घर पर था। दोनों बच्चे-बेटी राही और बेटा रमन-अब विवाह के बाद अपने-अपने परिवार के साथ आजीविका जुटाने में व्यस्त थे। दोनों अपने-अपने कार्यस्थल पर परिवार के साथ मजे से रह रहे थे।

कुछ दिनों से शिखर को अपना घर अस्त-व्यस्त लगने लगा था। सफाई का अच्छा अवसर भी था, क्योंकि शिखा अभी मायके गई हुई थी। शिखर दो मजदूरों को लेकर घर की सफाई में जुट गया।

सुबह से ही घर का सामान इधर से उधर होने लगा। पुराने संदूक, अलमारियाँ, किताबें, कपड़े और न जाने कितनी ऐसी चीजें सामने आने लगीं, जिन्हें शिखा वर्षों से सहेजकर रखती आई थी।

शिखर ने कई बार सोचा-''इन बेकार चीजों को आखिर रखती क्यों है शिखा?''

वह एक-एक करके सामान अलग करता और मजदूरों से कहता-''इसे बाहर रख दो... इसकी अब कोई जरूरत नहीं।''

अभी सफाई आधी ही हुई थी कि दोपहर में शिखा अचानक घर आ धमकी।

दरवाजे पर खड़ी शिखा ने जैसे ही घर का बदला हुआ रूप देखा, उसकी नजर सीधे उस सामान पर पड़ी जिसे शिखर बाहर फिंकवाने की तैयारी कर रहा था।

वह कुछ क्षण चुप रही।

फिर धीरे से बोली-

''यह सब कहाँ ले जा रहे हो?''

शिखर ने सहज भाव से कहा–

''घर कबाड़खाना बन गया था। सफाई करवा रहा हूँ। जो काम का नहीं है, उसे निकाल रहा हूँ।''

शिखा कुछ देर तक उन सामानों को देखती रही। फिर एक पुराने संदूक के पास जाकर बैठ गई।

उसने संदूक खोला।

ऊपर कुछ पुराने कपड़े थे। उनके नीचे बच्चों की पहली कक्षा की कॉपियाँ, राही की पहली चूड़ी, रमन की बचपन की छोटी-सी टोपी और एक पुराना खिलौना रखा था।

शिखा ने सामान को हाथ में लिया और मुस्कुराने लगी।

शिखर उसे देखता रहा।

शिखा ने कहा-

''तुम्हें ये सब कबाड़ दिखाई देता है न?''

शिखर ने कोई उत्तर नहीं दिया।

शिखा ने धीरे से कहा-

''ये चीजें नहीं हैं शिखर... ये हमारा जीवन है। इसमें राही का बचपन है, रमन की शरारत है, तुम्हारी मेहनत है और मेरी पूरी गृहस्थी की यादें हैं।''

शिखर चुप था।

शिखा ने संदूक बंद करते हुए कहा-

'घर केवल दीवारों से नहीं बनता। घर उन यादों से बनता है जिन्हें हम सहेज कर रखते हैं।'

शिखर ने मजदूरों की ओर देखा और कहा-

''रहने दो... जो कुछ शिखा सहेजना चाहती है, उसे मत निकालो।''

और उस दिन पहली बार शिखर को समझ आया कि सफाई घर की होती है, यादों की नहीं।



**-गजेंद्र बख्शी**

## सामयिक चर्चा

### महंगाई से हारे मोदी जी।

खबर पढ़कर,  
चिन्ता में पड़कर,  
बानी बोले- ''गजाधर!  
त्योहारी सीजन में हम लोगों की जिन्दगी  
और परेशानी में बदली।  
महंगाई की फिर ताण्डव शुरू।  
चीनी हुई कड़वी।  
गुड़ की मिठास भी कम।  
और तेल की धार पतली।  
क्या करें, कैसा करें  
हम नौकरीवालों को  
कुछ समझ नहीं आता है।  
महंगाई का तो अब हमारा,  
जीवन भर से नाता है।  
हम समझते थे -  
''सबका साथ, सबका विकास'' का  
उद्घोष कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी  
अवश्य ही दूर करेंगे महंगाई।  
पर...............।''  
गजाधर ने बात आगे बढ़ाई -  
''पर सर्व समर्थ मोदी जी ने भी,  
लगता है, देश में जमकर पसरी  
बैठी हुई महंगाई के सामने,  
सर झुकाकर,  
हाथ ऊपर कर दिया है भाई!''  
(शनिवार 22 अगस्त 2026)




**-गिरीश बख्शी**

## शब्द सामर्थ्य -138

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे** 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू- दोकू क्र.138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## (कविता)

### सावन के झड़ी

गोरसी तापत कोन्हों बईठे, अऊ कोन्हों खेलत हे गरी।  
ओ, हो, तो -तो के बोली संग, रुंच- रुंच बाजय गेड़ी।  
गजब सुहावत हे संगीत  
ये सावन के झड़ी।।  
टेटका मेंचका गोठियाये लागे,  
रामायण कस बानी ।  
गौरा- चांवरा बबा सुनाये, आल्हा- उदल के कहानी ।  
सावन के करिया बादर,  
रिमझिम बरसे पानी।  
खेती मांगथे, मेहनत संगी, झनकर आना कानी  
फुदक-फुदक के चिरई नाचे, जस नाचा के परी ।।  
गजब सुहावत हे....  
गली खोर म चिखला माते, घाट -घठोना म काई।  
नाती टूरा भदरस ले गिरगे, लागे बड़ करलाई।  
भईया मन ह करय बियासी, भौजी मन करे निदाई  
संझा बेरा सुरता आथे,  
गुरहा चीला संग सेवाई।  
बरदिहा के बांसरी बाजे,  
गाय -गरु के खड़पड़ी।।  
गजब सुहावत हे....  
डोकरी दाई तिली डार के,  
रांधे हावे मुठिया ।  
सील पट्टी के चटनी संग, झडत हावे गौटिया  
कोठा म पागुर भांजत  
बईठे खड़े सब गईया ।  
चोंगी पियत आवत हावय, गाय दुहे बर  
पहटिया ।  
बहु सुघ्घर रांधे हावे,  
आलू संग अदौरी बरी।।  
गजब सुहावत हे सावन के झड़ी ।।



**आनंदराम सार्वा 'अनंत'**  
**कु.बो. भाठागांव**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा , जिससे आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज आपके लिए बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका हैइस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। पहले जिस व्यक्ति की आपने मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप नया घर लेने का विचार कर सकते हैं और आपको किसी बिल्डर्स के माध्यम से जबरदस्त डील मिलेगी। आज आप घरेलू काम काज में जीवनसाथी का हाथ बटाएंगे। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं, जिसके माध्यम से आपकी तरक्की होना तय है।

**कर्क** — आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है, इसमें आपको कलीग का सहयोग भी मिलेगा। आप किसी नए प्रोजेक्ट के ऊपर काम शुरू कर सकते हैं। आज आपकी जॉब की तलाश खत्म होगी और आपको अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आपका दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आज आपकी कड़ी मेहनत से दूसरे भी प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। दफ्तर में आज उच्चाधिकारियों की मदद से रूका काम पूरा हो जायेगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा ।

**कन्या** — आज आपका दिन नई उमंग के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगें , जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, आपके जीवन में आनंद बढ़ेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन अच्छा है।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है लेकिन जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको किसी जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में अच्छा प्रॉफिट होगा। आज आप फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज आप कोई भी काम शुरू करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद जरुर लें।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको वर्क-फील्ड में सहयोगियों से मदद मिलेगी। इस राशि के घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। आज आपकी सैलरी में इंक्रीमेंट होगा , जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आज आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आपका मन मनोरजंन में लगेगा। आप थियेटर में मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं , जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आज आप आलस्य का त्याग करके आगे बढ़ेंगे तो आपके लिए अच्छा होगा। आज राजनीतिक व्यक्तियों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को और बढ़ाएगी साथ ही जनसंपर्क का दायरा भी बढ़ेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको परिवार से खुशखबरी मिलेगी और ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है , जिससे आपका प्रोजेक्ट समय से पूरा हो जाये। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर लंबी बात हो सकती है। आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

# स्टेट हाईवे पर गौवंश का कब्जा, सरकारें बदलीं पर नहीं बदले हालात

## आए दिन हो रहे दर्दनाक हादसे-मवेशी तस्कर भी उठा रहे हैं लाभ

**डोंगरगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ में सत्ता और सियासी चेहरे बदल गए, लेकिन सड़कों पर आवारा मवेशियों (गौवंश) की गंभीर समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। राज्य के स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे और प्रमुख संपर्क मार्गों पर बीच सड़क डेरा जमाए बैठे मवेशी आए दिन भीषण सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार की गौधाम योजना भी धरातल पर कहीं दिखाई नहीं दे रही है। जिसके चलते गोवंशों की दुर्दशा हो रही है। गोवंशों के व्यवस्थापन नहीं होने के चलते इन सड़कों पर अपना डेरा जमाए हुए हैं। जिससे उन्हें नुकसान होता ही है। साथ ही हजारों रूपये टेक्स और चलान के बावजूद वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। फिलहाल राजनांदगांव से लेकर डोंगरगांव में अंबागढ़ चौकी तक स्टेट हाईवे में दिन-रात मवेशी सड़कों पर बैठे रहते हैं। रात्रि में डोंगरगाँव की सड़क अघोषित गौठान बन चुका है और स्टेट हाईवे में चलने वाले वाहन चालक



मशक्कत करते दिख जाते हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम है। ऐसे में सड़क में बैठे मवेशी और उनके अचानक दौड़ने की वजह से दुघटनाएं भी बढ़ रही हैं। गोवंशों के मालिकों की लापरवाही और सरकार की अनदेखी के चलते सड़कों पर बैठे इन गौवंशों को मवेशी तस्कर भी अपना शिकार बना रहे हैं। जिसका उदाहरण डोंगरगाँव शहर में ही मिल चुका है। दुग्ध उत्पादन बंद होने या नर मवेशियों को कई पशुपालक खुले में छोड़ देते हैं। जिन पर कोई ठोस प्रशासनिक जुर्माना या कानूनी कार्रवाई नहीं होता। वहीं अनेक ग्रामों में अवैध कब्जों

### सड़कों पर बेखौफ घूमते मवेशी, जान हथेली पर रखकर चल रहे राहगीर

शहर से गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर दिन ढलते ही मवेशियों का झुंड जमा हो जाता है। रात के समय अंधेरे और तेज रफ्तार के कारण वाहन चालक इन मवेशियों से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इन हादसों में न केवल बेजुबान मवेशियों की जान जा रही है, बल्कि कई दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक भी गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं या जान गंवा रहे हैं। वहीं रात में हादसों को रोकने के लिए मवेशियों के सींगों पर रेडियम या रिफलेक्टर लगाने की मुहिम भी केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

### सरकारी योजनाओं के बाद भी धरातल पर संकट

पूर्व में संचालित गौठान योजनाएं हों या वर्तमान प्रशासन की गौशाला व्यवस्था, जमीनी हकीकत यह है कि मवेशी आश्रय स्थलों की जगह सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं। इसके पूर्व राज्य सरकार ने अनेक ग्रामों में गौठानों का निर्माण भी करवाया था, किन्तु लाखों रूपये बरबाद करने के बाद आज तक इन गौठानों का कोई उपयोग नहीं लिया जा रहा है और न ही इन गौठानों की अब कोई उपयोगिता बची है।

के चलते चारागाह को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। जिसके चलते पशु पालकों को खासा परेशानी उठाना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों की मानें तो अब चरवाहों की भी कमी है। पीढ़ी दर पीढ़ी चरवाहे का कार्य करने वाले परिवारों में पढ़ा लिखा युवा अब पशुओं को चराने का काम ही नहीं करना चाहता। जिससे पशुपालकों को गौवंशों को पालना काफी मुश्किल भरा है। जिसके चलते अनेक ग्रामीण पशुओं को डोंगरगांव शहर की सरहद में छोड़ रहे हैं। जिससे शहर में पशुओं की भीड़ सी हो रही है।

हादसों के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद स्थानीय नगर निकाय, पंचायत विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच आपसी समन्वय की कमी साफ नजर आती है। जब तक आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने और लापरवाह पशुपालकों पर कड़ी कार्रवाई के कदम नहीं उठाए जाते, तब तक सड़कों पर यह जानलेवा सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। वहीं प्रदेश सरकार को इन गोवंशों के व्यवस्थापन और सुरक्षा को लेकर शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाना आवश्यक है। हिन्दू धर्म के विभिन्न संगठनों व्दारा गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए लगातार आवेदन निवेदन किया जा रहा है, ताकि इनकी दशा सुधारी जा सके और गौवंशों को पूर्ण सुरक्षा प्राप्त हो सके, लेकिन इस दिशा में भी सरकार फेल नजर आ रही है।

## पहला कॉलम...

### मोहारा में विकास कार्यों की सौगात : टीन शेड व सीसी रोड का भूमिपूजन, आधार सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ



**डोंगरगढ़ (दावा)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरा में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने बाजार चबूतरे में टीन शेड निर्माण एवं सी.सी. रोड का विधिवत भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा के लिए नवनिर्मित आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने स्थानीय साप्ताहिक बाजार का भ्रमण किया और खरीद-बिक्री करने पहुंचे ग्रामीणों व किसानों से आत्मीय बातचीत कर खेती-किसानी और क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (सीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, जिला सचिव सुरेश सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेसी लोकनाथ भारती, मंडल अध्यक्ष लालाराम वर्मा, दिनेतु जांगड़े, सेक्टर अध्यक्ष सामशाय टांडेकर, दयाल साहू, फत्तू वर्मा, मोहन साहू, राजित भारती, मोरध्वज वर्मा, सरपंच श्रीमती करुणा बिरसिंग ठाकुर सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रेलवे विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में इंजीनियरिंग विभाग ने जीता फाइनल खिताब



**डोंगरगढ़ (दावा)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रेलवे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित रेलवे विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। खिताबी भिड़ंत रनिंग विभाग एवं इंजीनियरिंग विभाग के मध्य खेली गई। जिसमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले इंजीनियरिंग विभाग के खिलाड़ी घनश्याम निषाद को प्रतियोगिता का बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बैट्समैन चुना गया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को चमचमाती ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और आपसी सौहार्द की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी खेलों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित फुटबॉल एवं क्रिकेट दोनों फाइनल मुकाबलों ने खेल, देशभक्ति और सामाजिक एकता का अनूठा वातावरण निर्मित किया। आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग देने वाले सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, आईटीबीपी के जवानों, दर्शकों एवं सहयोगियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

# आस्था के सैलाब के बीच निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**अंबागढ़ चौकी (दावा)।** सावन के पावन अवसर पर चिल्हाटी से पाटेश्वर धाम धक्कोटोला तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। पाटेश्वर धाम समिति के तत्वावधान में



आयोजित इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ चिल्हाटी स्थित शिव मंदिर से हुआ। कांवड़ लेकर निकले श्रद्धालुओं के साथ महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। चिल्हाटी से लगे मिरचे, मरारटोला सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालु पाटेश्वर धाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कांवड़ यात्रा में बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता और भाईचारे का भी संदेश दिया। यात्रा की व्यवस्थाओं में पाटेश्वर धाम समिति के व्यवस्थापक चिरंजीव यादव, अध्यक्ष निकोडे जी एवं उपाध्यक्ष कृष्णा साहू सहित समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और यात्रा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। पाटेश्वर धाम की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं के कदम, हाथों में कांवड़ और गूंजते हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में डूबा नजर आया।

# स्व. ढालसिंग भालेन्द्र के दशगात्र व गंगा पूजन में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू

**जोंधरा (दावा)।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम उमरबाही निवासी स्व. ढालसिंग भालेन्द्र के दशगात्र एवं गंगा पूजन कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू सम्मिलित हुए। विधायक ने स्व. भालेन्द्र के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से भेंटकर इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। विधायक भोलाराम साहू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. ढालसिंग भालेन्द्र का निधन परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मृतक की धर्मपत्नी दसरी बाई, पुत्र सहदेव भालेन्द्र सहित पूरे भालेन्द्र परिवार के सदस्य, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, पूर्व सरपंच (खुर्सीटिकुल) दुर्गा महानदीया, पूर्व सरपंच (बननवागांव) मधु रावटे, मोतीलाल साहू, अगरहिज, रोहित, कामताप्रसाद, केशव, धुरवा, तुलेश्वर एवं नंदकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व शुभचिंतक मौजूद थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# बारिश पर भारी पड़ी आस्था : मां नर्मदा मंदिर से शिवधाम घटियारी तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा अंचल, जगह-जगह पुष्पवर्षा व फल वितरण कर हुआ कांवड़ियों का स्वागत**

**गंडई-पंडरिया (दावा)।** सावन की भक्ति और आस्था से सराबोर रविवार को गंडई-पंडरिया क्षेत्र में मां नर्मदा के धाम नर्मदा मंदिर से शिव के धाम घटियारी तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बारिश के कारण यात्रा अपने निर्धारित समय से कुछ विलंब से शुरू हुई और प्रातः 11 बजे नर्मदा मंदिर से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। मौसम की चुनौती के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। हाथों में कांवड़ और जुबां पर 'हर-हर महादेव' का जयघोष लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु



### जगह-जगह हुआ कांवड़ियों का आत्मीय स्वागत

कांवड़ यात्रा के दौरान नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सेवा के लिए जगह-जगह व्यवस्थाएं की गईं। नगर के विश्राम गृह के पास प्रेस क्लब, गंडई की ओर से कांवड़ यात्रियों को पेयजल वितरित किया गया। गर्मजोशी से किए गए इस सेवा कार्य से कांवड़ियों को राहत मिली। वहीं बस अड्डे के सामने आरएसएस की गंडई इकाई द्वारा पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा के बीच कांवड़ियों का उत्साह और भी बढ़ गया तथा पूरा मार्ग हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

घटियारी की ओर रवाना हुए। कांवड़ यात्रा में बच्चों, युवाओं, मातृशक्ति और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरी यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, जयघोष और आकर्षक झांकियों ने माहौल को शिवमय बना दिया। रॉयल अघोर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। झांकी को देखने के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ उमड़ती रही। कांवड़

### जिलेभर से पहुंचे श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि

कांवड़ यात्रा में केवल गंडई क्षेत्र ही नहीं, बल्कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा में घम्मन साहू, गोरेलाल साहू, निजाम मंडावी, प्रदीप श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, यात्रा संयोजक खम्हन ताम्रकार, ललित चोपड़ा, दिनेश साहू, जैनेन्द्र जंघेल, खेलन वर्मा, लीलाराम साहू, सरपंच दूजे राम वर्मा, केसलाल मांडवी, सुनील मेरावी, नारद साहू, डोंगरू साहू, दिनेश भट्ट, एल्डरमैन अशोक देवांगन, टूम्मन साहू (पूर्व पार्षद), उमा चौबे, कविता मानिकपुरी, जितेंद्र पटेल, प्रकाश जंघेल, धर्मेंद्र पटेल, गणेश झरिया, तहसील पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे। यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ी। ए टू जेड प्रतिष्ठान के पास एल्डरमैन राकेश जायसवाल द्वारा कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की गई तथा फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, एल्डरमैन अशोक देवांगन, दिनेश भट्ट एवं रवि जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। रविवार को हुई बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह को नहीं डिगा सकी। मौसम खराब होने के बावजूद कांवड़ियों का कारवां लगातार आगे बढ़ता रहा। कांवड़ यात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। जैसे-जैसे यात्रा घटियारी की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय होता गया। मां नर्मदा के पवित्र जल को कांवड़ में लेकर शिवधाम घटियारी तक पहुंचने वाली यह यात्रा क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और सेवा भावना का जीवंत उदाहरण बनी।

### साल्हेवारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, हुआ ध्वजारोहण



साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तहसील कार्यालय साल्हेवारा में गरिमामय एवं भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से तहसीलदार श्री झरिया, पटवारी श्री राजन, एन.बी.यादव, श्री साहू बाबू सहित अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 7वीं जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : 12 केंद्रों में 4729 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**गंडई केंद्र में रहा सबसे अधिक 764 विद्यार्थियों का पंजीयन, 100 सवालों में परखी गई प्रतिभा**

**गंडई पंडरिया (दावा)।** खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में रविवार को सामान्य ज्ञान, प्रतिभा और प्रतियोगी भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति के तत्वावधान में 7वीं जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में एक साथ किया गया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह रहा और जिलेभर से 4729 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। परीक्षा के लिए खैरागढ़, पांडादाह, ठेलकाडीह, जालबांधा, बाजार अतरिया, कामठा, छुईखदान, बुंदेली, रोड अतरिया, गंडई, साल्हेवारा एवं ठाकुरटोला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। तीन अलग-अलग स्तरों पर आयोजित परीक्षा में प्राथमिक स्तर पर 952, माध्यमिक स्तर पर 2371 तथा हाई/हायर सेकेंडरी स्तर पर 1406 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। गंडई परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली। यहां जिले में सर्वाधिक 764 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। जिसमें 720 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों में भी खासा उत्साह नजर आया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के ज्ञान का व्यापक स्तर पर परीक्षण किया गया। प्रश्नपत्र में



कुल 100 प्रश्न पूछे गए। जिनमें जिले से 30, छत्तीसगढ़ से 30, भारत से 30 तथा विश्व से 10 प्रश्न शामिल रहे। प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की स्थानीय जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान को भी परखा गया।

### जिला टीम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

परीक्षा के दौरान जिला स्तर से पन्नालाल जंघेल, कौशल राजपूत, संतोष नेताम एवं सियाराम साहू ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं समिति पदाधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया। व्यवस्थाओं को देखकर टीम ने प्रसन्नता जाहिर की और परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता का आयोजन समिति अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल, छुईखदान ब्लॉक प्रभारी कौशल राजपूत एवं जिला सचिव रूपेश देवांगन के निर्देशन में किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना रहा।

गंडई केंद्र में परीक्षा के सफल आयोजन में केंद्राध्यक्ष महेश ठाकुर, मुकेश कश्यप, राजेश श्रीवास्तव, तोकराम सिन्हा, भागचंद साहू, दीपक मिश्रा, खेमशंकर साहू, पुनेश्वर देवांगन, उज्जवल नामदेव, भिखेन्द्र जंघेल, कौशल श्रीवास्तव, शिवचरण वर्मा, निलम चतुर्वेदी, श्रवण देवांगन, सुशील साहू, शेष नारायण साहू, श्रीमती बीना धुर्वे, श्रीमती रत्ना हारमें, श्रीमती लक्ष्मी निर्मलकर, श्रीमती नीतु वैष्णव, श्रीमती सीता साहू, हेमराय भारती, संजय झारिया, लोमश पटेल, कमलप्रसाद राय, महेश वर्मा, मायाराम राठौर, गांधीराम साहू, जगदीश पटेल, नरेंद्र राठौर, शिव श्रीवास्तव, विजय मेरावी, रामदत्त साहू, जहुर सिंह छेदैया, निहाली साहू, विकास खाखा, देवानंद सोनी, लेखराम पटेल एवं टार्जन नेताम सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिले के 12 केंद्रों पर एक साथ आयोजित इस परीक्षा ने विद्यार्थियों के बीच सामान्य ज्ञान एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति बढ़ती रुचि को सामने रखा। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में राखी निर्माण प्रतियोगिता संपन्न

**छुरिया (दावा)।** स्थानीय रॉयल किड्स कॉन्वेंट में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में अंतर-सदन राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में चारों सदनों (हाउस) के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, नवाचार और कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक पर्वों के महत्व और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते से परिचित कराने के साथ-साथ उनमें रचनात्मक व पर्यावरण संरक्षण की भावना का विकास करना था। छात्रों ने अनुपयोगी (वेस्ट) सामग्री का कुशलतापूर्वक उपयोग कर मनमोहक पारंपरिक व आधुनिक राखियां तैयार कीं।



सुंदरता, मौलिकता और रचनात्मकता के आधार पर निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए। जिसमें प्रथम स्थान सुभाष हाउस (संस्कृति साहू, समर्थ सिंह, नफीस फातिमा, त्रिवेणी श्याम, ईशान साहू, जपनीस भाटिया), द्वितीय स्थान आजाद हाउस (नूरी फातिमा, पूजा धाकड़, शफीन सिद्दीकी, मायरिन खान, आयान खान, अलिजा बानो, आदित्य गुप्ता) व तृतीय स्थान जवाहर हाउस (काव्या सिंह, कावेरी निषाद, आशिर आलम, समीक्षा साहू, पाखी सिन्हा, डिनोलीसा मंडलोई) आदि रहे।

संस्था के प्रशासक संजय बहादुर सिंह और डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह के नेतृत्व तथा डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य गोपाल साहू व प्रधान पाठिका शारदा सिंह गौर ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ भारतीय संस्कृति से जोड़े रखती हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जानवी सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल एवं बरसर डॉ. आई.के. वैष्णव ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

# गैर-वंशज नियुक्ति का विरोध कोटवारों की बेमियादी हड़ताल

खैरागढ़ (दावा)। जिले में कोटवारों की नियुक्ति प्रक्रिया और ड्यूटी व्यवस्था को लेकर विवाद गहरा गया है। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्र. 40) की जिला इकाई ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज कर दिया है।



### नियम विरुद्ध नियुक्तियों और बेतरतीब ड्यूटी से आक्रोश

कोटवार संघ का आरोप है कि जिले की विभिन्न तहसीलों–विशेषकर खैरागढ़ और उप तहसील जालबांधा–में कोटवार परिवार के वंशजों को दरकिनार कर गैर-वंशजों की नियुक्तियां की जा रही हैं। इसके अलावा, स्पष्ट शासकीय दिशा-निर्देशों के बावजूद सभी तहसीलों में प्रतिदिन मनमाने तरीके से कोटवारों की ड्यूटी लगाई जा रही है, जिससे उनके मूल दायित्व प्रभावित हो रहे हैं।

### भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 के उल्लंघन का आरोप

संघ के जिलाध्यक्ष ने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि नियमानुसार कोटवार पद पर परिवार के वंशज को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने छुईखदान तहसील के ग्राम दल्लीखोली का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के कोटवार के लकवाग्रस्त होने पर तत्कालीन तहसीलदार मनीषा देवांगन ने उनके पुत्र की नियुक्ति की थी, लेकिन बाद में तत्कालीन एसडीएम के कार्यकाल में गैर-वंशज को पदस्थ कर दिया गया। संघ ने इस प्रकार के सभी मामलों की निष्पक्ष जांच और वंशज को अधिकार देने की मांग की है।

### 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट का घेराव

आंदोलन की रूपरेखा के अनुसार, मंगलवार 25 अगस्त को जिले भर के कोटवार धरना स्थल से रैली निकालेंगे।

# एकलव्य विद्यालय में पढ़ेगी सोनाली कुरेटी



कल्लूबंजारी (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर छुरिया के होनहार छात्रा कु.सोनाली कुरेटी का एकलव्य आवासीय विद्यालय के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 में अच्छे अंको के साथ चयनित होने एवं द्वितीय कौंसलिंग के पश्चात अध्ययन करने हेतु एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगाँव आबंटित हुआ है जहां कक्षा छठवीं से बारहवीं तक नियमित छात्रा के रूप में अध्ययन करेगी।

उल्लेखनीय है कि सोनाली कुरेटी प्रारंभ से ही प्रतिभावान छात्रा रही है। कक्षा तीसरी में आयोजित गणित कौशल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर एवं नवोदय विद्यालय माकटेस्ट परीक्षा में ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वयं सहित अपने शाला एवं परिवार का नाम रौशन कर चुकी हो चुकी है। सोनाली कुरेटी की माता आशा कुरेटी कुशल गृहणी एवं पिता दिनेश कुरेटी दिलेर जिले के ख्यातिलब्ध शिक्षक, कवि, उदघोषक एवं आदिवासी समाज प्रमुख है। होनहार छात्रा कु.सोनाली कुरेटी के एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित होने पर शाला एवं परिवार में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

# जनमन बैगा आजीविका मिशन: 3 बैगा महिलाओं को मिली 'आजीविका एक्सप्रेस'

खैरागढ़ (दावा)। जनमन बैगा आजीविका मिशन के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण महिलाओं को बैटरी चालित ई-रिक्शा (आजीविका एक्सप्रेस) का वितरण किया गया। साल्हेवारा क्षेत्र के ग्राम कुम्हरवाड़ा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने तीन हितग्राही बैगा महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबियां सौंपी।



ई-रिक्शा पाकर महिलाओं के चेहरे पर खिली मुस्कान, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सौंपी चाबियां, पीएम व सीएम का जताया आभार

### इन महिलाओं को मिली ई-रिक्शा की सौगात

आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की तीन महिलाओं को योजना का सीधा लाभ मिला है। इनमें ग्राम सरोधी की संतोषी बाई, ग्राम पंचायत बंजारपुर की असंतकुंवर धुर्वे तथा ग्राम पंचायत गेरूखदान की सगनिया मरकाम शामिल हैं। शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए इस निःशुल्क ई-रिक्शा के माध्यम से महिलाएं अब स्वयं वाहन चलाकर स्वरोजगार से जुड़ेंगी और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेंगी।

### महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी योजना : विक्रांत सिंह

समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि 'आजीविका एक्सप्रेस' ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और उनके लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का आभार जताया और कहा कि यह पहल ग्रामीण अंचल में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### महिलाओं ने जताया आभार

मुफ्त ई-रिक्शा मिलने पर हितग्राही महिलाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की संवेदनशील व दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार व परिवहन का सशक्त साधन मिला है।

# विशेष पॉक्सो अदालत ने आरोपी को किया दोषमुक्त

**अभियोजन आरोप साबित करने में रहा असफल, अदालत ने सुनाया फैसला**

राजनांदगांव (दावा)। फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) के अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बारा की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में आरोपी चंदन पटेल को सभी आरोपों से ससम्मान दोषमुक्त (बरी) कर दिया है। थाना घुमका में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। अभियोजन का आरोप था कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को डरा-धमकाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए तथा घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी।




### बचाव पक्ष की दलीलें व फैसला

प्रकरण के विचारण के दौरान आरोपी की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता हर्ष राय ने अदालत में दलील दी कि अभियुक्त पूरी तरह निर्दोष है और उसे दुर्भावनापूर्ण तरीके से झूठे मामले में फंसाया गया है। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयानों, मेडिकल रिपोर्ट और घटनाक्रम के सूक्ष्म विश्लेषण के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा।

# रास्ता बंद करने और धमकी के आरोपों पर कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर के वार्ड क्रमांक 18 की गली नंबर 5 में आम रास्ते को बंद किए जाने के विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि रास्ते में अतिक्रमण किए जाने के कारण लंबे समय से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। स्कूल बस बच्चों के घरों तक नहीं पहुंच पा रही थी वहीं बुजुर्गों, बच्चों और अन्य वार्डवासियों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मामले में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने के बाद भी विवाद थमने के बजाय और बढ़ गया है।

मामले को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में पार्षद संगीता देवांगन एवं समस्त मोहल्लेवासियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में नूतन साहू, भोलाराम साहू एवं उनके परिवार के सदस्यों पर रास्ते से गुजरने वाले लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि आम रास्ते को लेकर मोहल्लेवासियों की मांग के बाद नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इसी दौरान नगर निगम की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने और निगम के वाहन चालक पर हमला किए जाने के मामले में नूतन साहू एवं परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद संबंधित लोगों के खिलाफ अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कार्रवाई नहीं होने से मोहल्ले का वातावरण लगातार खराब हो रहा है। शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई कि यदि समय रहते मामले में पुलिस ने हस्तक्षेप नहीं किया तो भविष्य में किसी बड़ी घटना की स्थिति निर्मित हो सकती है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि रास्ते में दरवाजे का मलबा अब भी सड़क पर रखा हुआ है, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सड़क पर पड़े मलबे को तत्काल हटवाने तथा आम रास्ते को सुचारू कराने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से दर्ज एफआईआर पर तत्काल उचित कार्रवाई करने, रास्ते में बाधा उत्पन्न करने वाले मलबे को हटवाने, विवाद की स्थिति को नियंत्रित करने तथा मोहल्लेवासियों को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आम रास्ते का उपयोग सभी नागरिकों के लिए सुगम होना चाहिए और किसी भी व्यक्ति को धमकी या दबाव के जरिए लोगों के आवागमन में बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मामले में अब पुलिस कार्रवाई पर मोहल्लेवासियों की नजर बनी हुई है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



संतोष पिल्ले के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने सौंपा ज्ञापन

# मूसलाधार बारिश में भी नहीं थमा अवंती बाई के सम्मान का कारवां, गांव-गांव हुआ भव्य स्वागत - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला लोधी समाज एवं जिला युवा लोधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अवंती यात्रा एवं विशाल बाइक रैली में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तमचंद चंदेल ने किया।

अवंती यात्रा में शामिल होने के पूर्व विष्णु लोधी ने डोंगरगढ़ मेला ग्राउंड स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी वीरता, साहस, त्याग तथा अदम्य स्वाभिमान को नमन किया। इसके पश्चात अवंती यात्रा एवं विशाल बाइक रैली का कारवां आगे बढ़ा। मूसलाधार बारिश के बावजूद यात्रा में शामिल समाजजनों एवं युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बारिश भी वीरांगना अवंती बाई लोधी के सम्मान में उमड़े उत्साह और जनभावना को रोक नहीं सकी। बड़ी संख्या में बाइक सवार युवा एवं समाजजन पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।



**अवंती यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, फूलों की वर्षा से हुआ आत्मीय स्वागत**

**अवंती बाई केवल लोधी समाज की नहीं, पूरे भारतवर्ष की वीरांगना हैं - विष्णु**

यात्रा का शुभारंभ राजनांदगांव के अवंती चौक से माल्यार्पण के पश्चात हुआ। इसके बाद यात्रा बरबसपुर, हड्डुआ, घुमका, पेटवा, रंगकटेरा, जालबांधा, मड़ौदा, बाजार अतरिया, भीमपुरी, सोनपुरी, पदमावतीपुर, छुईखदान, लक्ष्मणपुर, सिरियाली, रोड अतरिया होते हुए नर्मदा पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यात्रा के दौरान गांव-गांव में अवंती यात्रा का गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिकजनों ने सड़क किनारे खड़े होकर यात्रा का अभिनंदन किया। अनेक स्थानों पर यात्रा में शामिल लोगों पर फूलों की वर्षा कर वीरांगना अवंती बाई के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया गया। विभिन्न गांवों में सामाजिकजनों द्वारा स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी सिर्फ लोधी समाज की नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष की वीरांगना हैं। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा, राष्ट्र के सम्मान और अपने स्वाभिमान के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध जिस अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया, वह पूरे देश के लिए प्रेरणा का विषय है।

उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का जीवन हमें अन्याय के सामने न झुकने, स्वाभिमान के साथ खड़े रहने और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देता है। उनका शौर्य और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम, साहस और संघर्ष की राह दिखाता रहेगा। विष्णु लोधी ने अवंती यात्रा में शामिल सभी सामाजिकजनों, युवा साथियों, मातृशक्ति तथा यात्रा के मार्ग में गांव-गांव स्वागत करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवंती बाई का सम्मान, स्वाभिमान और शौर्य हम सभी की साझा विरासत है। अवंती यात्रा में उमड़ा उत्साह और गांव-गांव में हुआ आत्मीय स्वागत इस बात का प्रमाण रहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की वीरगाथा आज भी जन-जन के हृदय में जीवंत है।

# लखोली साहू समाज मंडल ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'

राजनांदगांव (दावा)। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देने के उद्देश्य से लखोली साहू समाज मंडल राजनांदगांव द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लखोली दुर्गा चौक स्थित साहू भवन से किया गया। इसके बाद लखोली के विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।



कार्यक्रम में लखोली साहू समाज मंडल के अध्यक्ष प्रवीण साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं उसी प्रकार पेड़ भी मानव जीवन को स्वच्छ हवा, छाया, फल और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पौधारोपण कर समाज के लोगों ने देशभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया है। लखोली क्षेत्र में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण के लिए समाज के सदस्यों से भी सहयोग की अपील की गई। पौधारोपण अभियान के दौरान साहू भवन परिसर सहित लखोली के अन्य चिन्हित स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष तरुण साहू, सचिव नंद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष शत्रुघन लाल साहू, संरक्षक बृजभूषण साहू, पार्षद डिल्लेश्वर साहू, पूर्व पार्षद भागचंद साहू, नगर साहू संघ के संरक्षक एवं पूर्व सचिव सोनू साहू गुरुजी, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

# दिग्विजय कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने किया पौधरोपण, विद्यार्थियों ने लिया पौधों के संरक्षण का संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि प्रकृति हम सब की मां है और इसकी रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में प्रकृति से दूर रहकर स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। केवल एक दिन पौधरोपण करने से दायित्वों की पूर्ति नहीं होती, बल्कि निरंतर प्रकृति का संरक्षण हमारा संकल्प होना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर ने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सिर्फ पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहा जाएगा। बल्कि वे समय-समय पर इन पौधों की नियमित देखरेख और संवर्धन की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. डी.के. वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद एवं औषधीय पौधों के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रकृति विषय पर आधारित प्रेरक कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार, सजावटी फूल-पौधों के साथ-साथ नीम, बेल, आम, जामुन, अमरूद और आंवला जैसे महत्वपूर्ण औषधीय पौधों का रोपण किया।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने किया ध्वजारोहण

खैरागढ़ (दावा)। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में 80 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह, स्व. रानी पद्मावती देवी एवं राजकुमारी इंदिरा सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया। इसके पश्चात कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा आकाश में गुब्बारे छोड़कर स्वतंत्रता पर्व का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के पश्चात कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा का प्रभारी कुलसचिव, अधिष्ठातागण, शिक्षक संघ, संगतकार संघ, कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।



राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय परिवार ने वीर शहीदों को नमन कर लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने विश्वविद्यालय परिवार को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। हमें देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक विश्वविद्यालय के रूप में हमारा दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना भी है, जो राष्ट्र के विकास, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी में सक्रिय योगदान दे सकें। उन्होंने सभी से विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। स्पून रेस प्रतियोगिता में हर्ष ने प्रथम, पवन ने द्वितीय तथा वंदना मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पीड वॉक प्रतियोगिता के विद्यार्थी वर्ग में पीयूष प्रथम, पवन द्वितीय एवं आकाश यादव तृतीय स्थान पर रहे। कर्मचारी वर्ग के पुरुष वर्ग में राजू कश्यप ने प्रथम तथा मनीष कुलकर्णी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं महिला वर्ग में लता प्रथम एवं मनीषा द्वितीय स्थान पर रहीं। स्नैच गेम प्रतियोगिता दो वर्गों के बीच हुई।

# मधु महोत्सव के रंगों में सराबोर रही संस्कारधानी : जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब









**राजनांदगांव (दावा)।** महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को राजनंदगांव शहर सहित पूरे जिले में काफी जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। राजनांदगॉव शहर के साथ ही जिले के डोंगरगॉव, डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड में भी महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर पोस्टर से पटा नजर आया। पूर्व सांसद मधु की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही अपने लोकप्रिय जननायक का जन्मोत्सव मनाने का जो उपक्रम प्रारंभ किया। वो सिलसिला 23 अगस्त की देर शाम यह समाचार लिखे जाने तक चलता रहा। जिसमें महापौर को बधाई देने राजनांदगॉव जिला के विभिन्न 14 मंडल क्षेत्रों के अलावा दुर्ग, रायपुर, कबीरधाम, केसीजी, एमएमसी, बिलासपुर, बालोद, बेमेतरा आदि विभिन्न शहरो से आगंतुक पहुॅचते रहे और महापौर के साथ जनमदिन का उत्सव मनाते रहे, जिसके चलते संस्कारधानी नगरी में दिनभर मधु महोत्सव की धूम मची रही। 23 अगस्त की प्रातःकाल से ही शहर की जनता उनके मोतीपुर स्थित निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुॅचती रही। अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता मधुसूदन ने सर्वप्रथम मोतीपुर शीतलापारा मंदिर एवं घर के पीछे स्थित शिव मंदिर में दर्शनलाभ लिया एवं परिजनों तथा वार्डवासियों के साथ अपना जन्मोत्सव मनाया। तत्पश्चात् आजादचौक मोतीपुर में वार्डवासियों के उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके पश्चात् महापौर मधुसूदन ने बजरंगपुर नवागॉव स्थित बापूटोला वार्ड नं. 1 में सपरिवार महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना की, पश्चात् सोनारपारा, दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता दिवाला मंदिर पहुॅचकर सहपरिवार नगर की ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। तदुपरान्त महापौर ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभिलाषा सामाजिक संस्थान में दिव्यांगजनों के साथ जन्मोत्सव मनाया और उसके बाद स्थानीय रायपुर नाका स्थित समता वृद्धाश्रम की तरफ प्रस्थान किया। वद्धाश्रम में निवासरत् बड़े बुजुर्गो के साथ जन्मदिन मनाने के बाद महापौर ने सिविल लाईन्स तुलसीपुर स्थित अपने कार्यालय में सपरिवार केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके बाद पूर्व सांसद मधुसूदन शहर की जनता एवं अन्य जिले से पधारे आगंतुको से मिलने के लिये स्थानीय पुष्प वाटिका रानीसागर रोड स्थित योगा हॉल में पहुॅचे। यहॉ मोतीपुर रेजीमेंट द्वारा आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव एक अलग ही अंदाज एवं नये कलेवर में मनाया गया। यहॉ महापौर का स्वागत धूमधाम से ढोलनगाड़ों और आतिशबाजी के बीच किया गया, और महापौर नेत वार्ड पार्षदों एवं जनता की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया । तदुपरांत दोपहर 1 बजे से लेकर लगभग शाम 4.30 बजे लगभग साढ़े तीन घंट तक लगातार महापौर मधुसूदन पूरी विनम्रता एवं सादगी के साथ चेहरे पर मुस्कान लिये जनता से आत्मीय भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाऍ एवं बधाईयॉ स्वीकारते रहे। इस दौरान योगा हॉल में ही एक तरफ छात्र युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया था, जिसमें पहुॅचकर महापौर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस समाचार के लिखे जाने तक महापौर मधुसूदन अपने शुभचिंतको, इष्टमित्रों, कार्यकर्ताओं एवं फैंस के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शाम एवं रात्रि में आयोजित जन्मोत्सव आयोजन में शामिल होने के लिये रवाना हो चुके हैं, जहॉ देर रात तक उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा । जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ पार्षद सावन वर्मा ने बताया कि तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे भदौरिया चौक, शाम 5.30 बजे क्लब चौक बसंतपुर में, शाम 6 बजे नंदई चौक में, शाम 6.30 बजे लखोली चौक में, शाम 7 बजे शहर के हृदयस्थल महाकाल चौक (मानव मंदिर चौक) में, पश्चात शाम 7.30 बजे चिखली स्थित गौठान मैदान में महापौर मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राजनांदगॉव शहर में आज महापौर का जन्मोत्सव मधु महोत्सव के रंगो से सराबोर रहा, जिसकी विशेषता यह रही कि आज दिनभर महापौर मधुसूदन अपने जनमदिन के उपलक्ष्य में पूरी विनम्रता एवं अपनेपन से लोगों की शुभकामनाएं, उपहार, फूल मांलाऐं, भेंट एवं गुलदस्ते मुस्कुराकर स्वीकारते हुए, उनसे प्राप्त स्नेह, अपनत्व एवं शुभकामनाओं के लिए कृतज्ञता प्रकट करते दिखे। जनता में दिनभर महापौर के साथ सेल्फी और फोटो खींचाने की भी होड़ लगी रही, जिसे वे अपने शोसल मीडिया एवं स्टेटस में अपडेट करते रहे, और महापौर जी का जन्मोत्सव विभिन्न शोसल मीडिया प्लेटफार्म पर भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

**दिनभर आत्मीयता से स्वीकार की शुभकामनाएं, देवालयों में पूजा-अर्चना के साथ दिव्यांगों व बुजुर्गों के बीच मनाया जन्मोत्सव**




# नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ जागरूकता भी जरूरी : एनसीबी





**० युवाओं को नशे से बचाने में मीडिया अपनी पहुंच का प्रभावी उपयोग करें**
**० आपूर्ति पर नियंत्रण के साथ नशीले पदार्थों की मांग घटाने पर जोर**
**० पत्रकारिता को जनजागरण से जोड़कर नशामुक्त समाज के लिए आगे आने का आह्वान**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में नशे की समस्या से निपटने के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ जनजागरूकता को भी समान महत्व देना जरूरी है। खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और मीडिया की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। यह बात नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक अनिल कुमार ने कही। वे पत्र सूचना कार्यालय रायपुर की ओर से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान के तहत राजनांदगांव में आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अनिल कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं हो सकती। नशीले पदार्थों की अवैध आपूर्ति पर नियंत्रण के साथ उनकी मांग को कम करना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की नशीले पदार्थों पर नियंत्रण की रणनीति में आपूर्ति नियंत्रण और मांग में कमी दोनों पहलुओं पर काम किया जाता है। इसके लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय के साथ प्रवर्तन तथा जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक हो सकती है। समाचार पत्र, टेलीविजन, डिजिटल माध्यम और सामाजिक मीडिया की व्यापक पहुंच का इस्तेमाल नशे के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को तथ्यपरक और सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से नशे के खिलाफ सकारात्मक जनजागरूकता का वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनसीबी अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में स्कूलों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

कार्यक्रम में पत्रकार श्रीमती प्रियंका कौशल ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी जनआंदोलन बनाने के लिए पत्रकारिता को सामाजिक सरोकार और जनजागरण से जोडऩा होगा। पत्रकार अपनी कलम और जनसंचार की ताकत के माध्यम से युवाओं तथा समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल नशा छोड़ो का संदेश दोहराने से अपेक्षित बदलाव नहीं आएगा। पत्रकारिता को नशे के सामाजिक कारणों, इससे प्रभावित परिवारों और नशे से बाहर निकलने वाले लोगों की वास्तविक कहानियों को सामने लाकर समाज में व्यवहार परिवर्तन का वातावरण तैयार करना होगा।

श्रीमती प्रियंका कौशल ने छत्तीसगढ़ में कम उम्र के बच्चों और युवाओं में नशे की शुरूआत को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बच्चों को नशे से बचाना केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं है। समाज, मीडिया और प्रत्येक जागरूक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने अपने पत्रकारिता अनुभव का उल्लेख करते हुए रायपुर के हाटबंद क्षेत्र की वर्षों पुरानी रिपोर्टिंग का उदाहरण साझा किया। जहां नशे के कारण परिवारों की बदहाल स्थिति से परेशान महिलाओं ने इसके खिलाफ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि नशे का असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार और समाज इसकी चपेट में आता है। उन्होंने नशे के महिमामंडन के खिलाफ सामाजिक चेतना की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि फिल्मों, गीतों और सामाजिक व्यवहार में कई बार नशे को तनाव या दुख से मुक्ति के साधन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी धारणाओं को चुनौती देने के लिए मीडिया को नशे के दीर्घकालिक स्वास्थ्य, पारिवारिक और सामाजिक दुष्परिणामों को तथ्यपरक तरीके से सामने लाना चाहिए।

कार्यक्रम में सबेरा संकेत के संपादक सुशील कोठारी और दैनिक दावा के संपादक दीपक बुद्धदेव ने भी अपने विचार रखे। दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शंकर मुनि राय ने पत्रकारिता के सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डालते हुए अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ निर्भीकता से पत्रकारिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल निदेशक रवि जोशी, नांदगांव टाइम्स के संपादक अशोक कुमार पांडे तथा वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम तिवारी मंच पर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई के लिए सरकारी प्रयासों के साथ मीडिया, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और परिवारों की साझी भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में पत्रकारों से छत्तीसगढ़ के युवाओं को नशे से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी पत्रकारिता को जनजागरूकता के अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया।


# 'चलो बुलावा आया है, गुरुमां ने बुलाया है' : श्री दासीश्याम प्रभु का 27 वां तीन दिवसीय जयंती महोत्सव 30 अगस्त से



**संस्कारधानी में 29वां जयंती महोत्सव धूमधाम से मनेगा, शोभायात्रा और भजनों की होगी अमृतवर्षा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर के श्रीदासीश्याम मंडल व श्रीश्यामकुटी परिवार द्वारा अपनी प्यारी सद्गुरूमां का 27 वां तीन द्विवसीय जयंती का आनंद लेने, सेवा देने व भरपूर प्रसादी पाने को बेताब है, वह समय अब आ गया है। 30 अगस्त को स्टेशन पारा के श्रीशक्तिधाम में रात्रि 9 से 12 बजे तक गुरूभजन, गुरूवंदना, गुरूधुन का संकीर्तन श्यामकुटी परिवार द्वारा किया जाएगा। विशेष रूप से श्री श्यामकुटी परिवार के छोटी ब्रांच के बच्चे अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। भजन, संकीर्तन पूरा-पूरा श्रीदासी श्याम प्रभु पर ही होगा। 31 अगस्त को रामाधीन मार्ग के श्रीश्याम मंदिर से श्री दासी श्याम प्रभु की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कि श्रीशक्तिधाम में समाप्त होगी। वहां बच्चों व उपस्थित भक्तजनों को प्रसादी का वितरण होगा। भादोबदी की चौथ 1 सितंबर को सत्संग, कीर्तन व चौथ की जोत ली जाएगी। स्थानीय एवं बाहर से आने वाले भक्तजनों के लिए श्री अग्रसेन भवन में ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ जयंती के तीनों दिन सुबह, दोपहर व शाम-रात में सभी प्रकार की यथासमय प्रसादी का आनंद व लुत्त सेवकजन उठायेगें।

श्री दासी श्यामप्रभु की जयंती महोत्सव का यह 27 वां वर्ष है। श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा जयंती महोत्सव के पश्चात आने वाली शुभ जन्माष्टमी में प्रभु संग रासलीला, दहीलूट का उत्सव भी पूरे जोश, उत्साह, उमंग व प्रेम से मनाया जाएगा। जयंती महोत्सव में आने के पूर्व ही समस्त भक्तों को संदेश मिल जाता है और फिर भक्तजन अपनी प्यारी गुरूमां की जयंती के पिछले याददाश्त और वीडियो देखकर आनंद विभोर होते रहते है तथा जयंती की चर्चा एक दूसरे से कर आनंदित होते रहते है। जयंती में आने के पूर्व रायपुर, बिलासपुर, नागपुर, कलकत्ता तथा अन्य स्थानों पर श्री दासी श्याम मंडल की संस्था के शिष्यजन अपने-अपने शहर में जयंती पर्व मनाकर मुख्यधाम श्रीश्यामकुटी दरबार में आते है। तीन द्विवसीय जयंती में श्री श्यामकुटी व श्रीशक्तिधाम में विशेष साज श्रृंगार भी किया जाएगा।



## मिथिलाधाम में पुत्रदा एकादशी पर हुआ लखराम पूजन, 1.46 लाख पार्थिव शिवलिंगों की हुई विशेष आराधना

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम स्थित बाबा बैद्यनाथ शिवलिंग परिसर में पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर भव्य 'लख राम पूजा' का आयोजन श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सवा लाख से अधिक पार्थिव शिवलिंगों की पूजा को 'लख राम पूजा' कहा जाता है। इस पावन अवसर पर मिथिला धाम मंदिर समिति की महिला सदस्यों द्वारा अत्यंत निष्ठा व परिश्रम के साथ 1 लाख 46 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। संध्या काल में विद्वान पंडित देवानंद झा एवं उनके सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से विशेष पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इस दौरान यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक एवं अमरनाथ मिश्रा सपत्नीक पूजा में शामिल हुए। उनके साथ ही मिथिला धाम मंदिर के अन्य भक्तगण भी सपरिवार उपस्थित होकर अनुष्ठान का पुण्य लाभ अर्जित किए। इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर समाज की वयोवृद्ध श्रीमती उषा देवी चौधरी, श्रीमती आशा देवी झा एवं अशोक चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com